## न्यूज ब्रीफ

### 95.60 प्रतिशत पाकर अर्पिता रही कॉलेज में अव्वल

**मझोला, अमृत विचार :** एसके पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। प्रबंधक जगजीत सिंह ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी समेत स्टाफ का आभार ज्ञापित किया। शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 10वीं के मेधावियों में अर्पिता अग्रवाल 95 .60 प्रतिशत, एनहददीप सिंह ने 94 .00 , पावनी गुप्ता ने 92 .40 और मयंक सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### विवादित पोस्ट करने की दी तहरीर

**पीलीभीत, अृत विचार :** बाबा साहब को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पूरनपुर के वार्ड नंबर एक के रहने वाले अधिवक्ता प्रदीप सागर की ओर से माधोटांडा थाने में शिकायत की गई। जिसमें एक पॉलिटेक्निक के छात्र पर विवादित पोस्ट करने का आरोप लगाया गया है।

### विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शराब भट्ठी के विरोध में बूंदीभूड़ गांव की कुछ महिलाओं ने गुरुवार सुबह एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि गांव में शराब की दुकान खुलने से माहौल खराब होगा। इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। शांति व्यवस्था भी भंग होगी। गांव में शराब की दुकान न खोलने की मांग की गई। मौके पर शशिकला, सरिता, गुड्डी, सुधा आदि थी।

### लापरवाही से जुड़े फोटो वायरल, खलबली

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर अपराधियों को ले जाते वक्त लापरवाही बरतने से जुड़ा फोटो वायरल हो रहा है। एक फोटो में हाथ में हथकड़ी पहने युवक के साथ पुलिसकर्मी दिखाई दे रहा है। मगर, दूसरे फोटो में पुलिसकर्मी नदारद और अपने ही हाथ में बंधी हथकड़ी पकड़े युवक बैठा हुआ है। फोटो जिला अस्पताल परिसर के बताए जा रहे हैं। जिम्मेदार मामले से अनभिज्ञता जताते रहे।

### युवती को अगवा करने की रिपोर्ट की दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री को 14 अप्रैल को बरेली जिले के शीशगढ़ कस्बा निवासी शोएब फुसलाकर ले गया। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# आबादी में छुट्टा पशुओं से हादसे का खतरा

## शहरी क्षेत्र में एक भी गोशाला नहीं, पालिका ने पौने दो करोड़ से मीरापुर में बनवाई है कान्हा गोशाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के गेट पर खड़ा छुट्टा सांड़। ● अमृत विचार



आवास विकास कॉलोनी में आयकर दफ्तर के पास छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोवंश संरक्षण मुहिम पर करोड़ों खर्च के बावजूद सड़कों पर छुट्टा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीण अंचलों में करोड़ों रुपये खर्च कर तमाम गोशालाएं बनवाई जा चुकी हैं, जोकि ओवरलोड हो चुकी है। उससे अधिक संख्या में पशु सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में हालात और भी बदतर बनते नजर आ रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर छुट्टा पशुओं के झुंड हादसे का सबब बन चुके हैं। कई बार हादसे में लोग जान भी गंवा चुके हैं, आए दिन लोग घायल भी हो रहे। पशुओं का भी संरक्षण नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से हालात बदतर हैं।

शहरी क्षेत्र की बात करें तो कोई गोशाला नहीं है। ढाई लाख से अधिक आबादी वाले शहर की शायद ही कोई रास्ता ऐसा हो, जहां पर दिन-रात छुट्टा पशुओं के झुंड न दिखाई दें। शहर से सटी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में गोशाला का निर्माण कराकर संचालन भी कराया जा चुका हैं, लेकिन वहां की क्षमता से अधिक पशु सड़कों पर रहते हैं। गोशाला की क्षमता से कहीं अधिक पशु तो सिर्फ मंडी समिति परिसर में ही डेरा जमाए हैं। इधर, नगर पालिका पीलीभीत क्षेत्र में एक भी गोशाला नहीं हे। जिसमें छुट्टा पशुओं को रखा जा सके। हालांकि पालिका की ओर से कान्हा गोशाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

इसके लिए गांव मीरापुर में जमीन चिन्हित कर करीब पौने दो करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 200 पशुओं की क्षमता की गोशाला होगी। इसके संचालन में अभी समय है। इतना ही नहीं, क्षमता के सापेक्ष कई गुना अधिक पशु वर्तमान समय में ही सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। पालिका क्षेत्र के आम गली मोहल्ले ही नहीं, बाजार, टनकपुर हाईवे के हिस्से में दिनभर छुट्टा पशुओं के झुंड रहते हैं।रात के वक्त तो और बदतर तस्वीर हो जाती है। मेडिकल कॉलेज परिसर, मुख्य बाजार, गांधी स्टेडियम रोड समेत कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर लोगों की आवाजाही के बीच छुट्टा पशुओं का झुंड हमलावर भी हो जाता है। कई बार आपस में पशुओं के लड़ने पर नजदीक से गुजरने वाले शिकार हो जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए कई बार मांग की जा चुकी हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं है। जिम्मेदार खुद इस समस्या के आगे बेबस दिखाई दे रहे हैं। कई बार अभियान चलाए गए और पशुओं को पकड़वाया गया लेकिन उन्हें रखने की समस्या खड़ी हो गई। अधिकांशतः शहर से पकड़े गए छुट्टा पशुओं को देवीपुरा गोशाला भिजवाया जाता है। वह जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी की दूरी पर है। मगर, वहां पर हालात पहले भी बेहाल है। क्षमता से कई गुना अधिक पशु आश्रित हैं। पालतु पशु भी दिए जाते हैं छोड़ इस समस्या का एक पहलु और है। शहर में आबादी के बीच कई डेररियां संचालित हैं। वहीं, घरों पर भी पाालतु पशु हैं। दूध दूहने के बाद दिन के वक्त कई बार देखा गया है कि पालतु पशुओं को भी लोग छुट्टा छोड़ देते हैं। पिछले समय में इसे लेकर नगर पालिका की ओर से सख्ती भी की गई थी। जिसके बाद ऐसे पशुओं को पकड़वाया गया और फिर उनके स्वामियों से जुर्माना वसूला गया। इसमें भी वसूली से जुड़ी शिकायतें होने लगी और मुहिम पस्त पड़ गई।

### लड़ते -लड़ते व्यापारी की कार में घुस गए छुट्टा सांड



छुट्टा पशुओं के झुंड के बीच हादसे की संभावना रहती है। अभी बुधवार को ही दिल्ली से काम के सिलसिले में पीलीभीत आए गाजियाबाद के व्यापारी अभिनय व उसके कार सवार दोस्त इसका शिकार हो गए। शहर में काम निपटाकर वापसी करते वक्त टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा के पास पहुंचते ही थे कि सड़क पर मौजूद छुट्टा सांड़ आपस में अचानक लड़ गए। वह कार को साइड में कर रही रहे थे कि आपस में भिड़ते हुए सांड़ कार से टकराने लगे और कार पर भी सींग चलाए। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोगों ने उतरकर खुद को किसी तरह बचाया। कार में काफी नुकसान हुआ।

# अब स्कूलों में अंग्रेजी में होगी प्रार्थना, टूटेगी झिझक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा अंग्रेजी में कराने का फैसला

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने छात्रों में अंग्रेजी को लेकर झिझक दूर करने के लिए नई पहल की है। अब जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा पूरी तरह अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाएगी। इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी संवाद क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नए शैक्षिक सत्र से एक अहम बदलाव लागू किया है। इसके तहत अब राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा पूरी तरह अंग्रेजी माध्यम में संचालित की जाएगी। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षिक कैलेंडर में निर्धारित विशेष दिन पर प्रार्थना सभा की सभी गतिविधियां—जैसे प्रतिज्ञा, समाचार वाचन और अन्य प्रस्तुतियां अंग्रेजी में ही कराई जाएंगी।

जिले के 35 राजकीय, 22 सहायता प्राप्त और 132 वित्तविहीन विद्यालयों में इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र विषय ज्ञान में दक्ष होने के बावजूद अंग्रेजी में संवाद करने में संकोच करते हैं। अब नई व्यवस्था से छात्रों की शब्दावली मजबूत होगी और वे सार्वजनिक मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकेंगा।

# क्विज विजेताओं को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विजेताओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य डॉ .दुष्यंत कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उपाधि महाविद्यालय में गुरुवार को रसायन विज्ञान विभाग की ओर से एक क्विज कांटेस्ट आयोजित किया गया। इस दौरान बीते साल हुए नवप्रवाह प्रोग्राम के दौरान विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले विजेता भी पुरस्कृत किए गए।

36 विद्यार्थियों द्वारा क्विज कांटेस्ट में प्रतिभाग के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया गया। दो टीम बनाकर इसे संपन्न कराया गया। संचालन रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. विजय कुमार अग्रवाल ने की। दोनों टीमों के बीच पहले राउंड में 14-14 अंक प्राप्त कर टाई होने पर दो- दो अतिरिक्त प्रश्न प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार पूछे गए। पुनः टाई होने पर दो-दो अन्य अतिरिक्त प्रश्न दोबारा पूछे गए। पुनः एक-एक अतिरिक्त प्रश्न टाई ब्रेकर के रूप में टीमों के सामने रखा गया। मॉडल प्रदर्शनी में बीएससी थर्ड ईयर जेबीसी की छात्रा गरिमा सक्सेना ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सेकेंड ईयर जेडबीसी के मोहम्मद साहिल ने द्वितीय और तृतीय स्थान पर सामूहिक रूप से बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्र छात्राएं पुष्पेंद्र, दीक्षा गंगवार, सलोनी, शीतल और अनुपम शर्मा रहे।

इसके अलावा भी कई पुरस्कृत किए गए। इस मौके पर डॉ. सत्येन्द्र नारायण, डॉ. प्रणव शास्त्री,डॉ. दुर्गेशधर द्विवेदी, डॉ. गोपाल दीक्षित, डॉ. केपी सिंह, डॉ. विशाल सक्सेना,डॉ. मनोज गुप्ता , डॉ.अमित कुमार, डॉ. कविता कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# जनगणना : खुद कर सकेंगे अपनी गणना

- 07 से 21 मई तक चलेगा स्व जनगणना का विशेष अभियान
- डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने अधीनस्थों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनगणना-2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। 22 मई से पहला चरण शुरू होगा। इस बार लोग स्वयं पोर्टल के माध्यम से मकान और जनगणना का ब्योरा भर सकेंगे। मकानों की गणना शुरू होने से 15 दिन पहले पोर्टल खुलेगा। इसको लेकर 07 मई से जनपद में स्व जनगणना को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जनगणना को लेकर जनपद के18 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रगणकों व सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिले में डिजिटल जनगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जनपद को 15 जोन में बांटा गया है। एडीएम वित्त/जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी के मुताबिक जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सीएमएसएस पोर्टल पर 4116 प्रगणकों और 688 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें 10 प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं। इन सभी को जनपद के 18 प्रशिक्षण केंद्रों पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्व जनगणना का कार्य 07 से 21 मई के बीच चलेगा। यदि परिवार के सदस्य चाहे तो वे आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद मकान गणना का कार्य किया जाएगा, जो 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा।

### एसई आईडी का रखना होगा रिकॉर्ड

पोर्टल पर डेटा सबमिट करने के बाद प्रत्येक परिवार को 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी (एसई आईडी) प्राप्त होगी, जो अग्रेजी के एच अक्षर से शुरू होगी। यह आईडी एसएमएस और ईमेल के जरिए भेजी जाएगी। जब प्रगणक घर का दौरा करेंगे, तब यह आईडी उन्हें दिखानी होगी, जिसे वे एचएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से सत्यापित करेंगे।

### आशा और एएनएम घर-घर जगाएंगी अलख

सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने सभी आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे मई के प्रथम पखवाड़े में अपने नियमित दौरों के दौरान महिलाओं को इस पोर्टल के प्रति जागरूक करें। सीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 21 मई तक अपनी स्व-गणना पूरी करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

# परामर्श केंद्र में पत्नी से की अभद्रता

**पीलीभीत,अमृत विचार :** माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ निवासी शिवानी पुत्री हरीशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद वह परामर्श केंद्र में उपस्थित हुई। वह परामर्श केंद्र में बैठी हुई थी, तभी उसका पति उमेश कुमार शर्मा उर्फ सोनू पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम खरुआ थाना जहानाबाद वहां आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। उस दौरान वहां पर काउंसलर भी बैठे हुए थे। काउंसलरों ने यह हरकत देखकर उसके पति का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। जिस कारण पति उमेश नाराज हो गया। परामर्श केंद्र से बाहर निकलकर वह अपने पिता के साथ घर जा रही थी। तभी उमेश ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किय।

# कार्यशाला में दी गई ड्रोन के बारे में जानकारी



कार्यशाला में ड्रोन के बारे में जानकारी देते अफसर। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सशस्त्र सीमा बल 49वीं वाहिनी के न्यू लोकेशन में गुरुवार को एक कार्यशाला हुई। पुलिस द्वारा ड्रोन संचालन एवं प्रबंधन विषय पर करासई गई इस कार्यशाला में वर्तमान में तकनीक युग में क्रांति की तरह उभरे ड्रोन के बारे में बताया गया। कहास कि ये विकास की रफ्तार और बढ़ाएगा। डिजिटल इंडिया का असली साथी अब ड्रोन है। ड्रोन सेल के कार्मिकों द्वारा ड्रोन परिचालन, बनावट, कल-पुर्जे, आदि के बारे में जानकारी साझा की गई। एसएसबी जवानों ने भी प्रतिभाग किया। पुलिस की तकनीकी विशेषज्ञता और एसएसबी के जमीनी अनुभव के मेल से सीमाएं और सुरक्षित होंगी।

# बाबा साहब ने सर्वसमाज को समानता का दिलाया अधिकार

- डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम
- बाबा साहब ने सर्वसमाज को समानता दिलाने का काम किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में युवक को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष भाजपा। ● अमृत विचार



करोड़ गांव में कार्यक्रम की शुरुआत कराते राकेश मिश्र अनावा व अन्य भाजपाई।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी एवं पूर्व राज्यमंत्री बहोरन लाल मौर्य रहे। बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्षों एवं समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया।

मुख्य अतिथि बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि बाबा साहब ने सिर्फ पिछड़े और दलित समाज के उत्थान के लिए काम नहीं किया बल्कि सर्वसमाज को समानता का अधिकार मिले इसको प्रमुखता से ध्यान में रखते हुए संविधान में इसके लिए नियम बनाया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार बाबा साहेब की जयंती पर बूथ स्तर तक गोष्ठी के उपरांत विधानसभा स्तर तक ये सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। जिसमें अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अनुसूचित वर्ग को सम्मानित करने का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। संचालन जिला मंत्री विकास वाल्मीकि ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती , विकास श्रीवास्तव , नमन प्रताप राजपूत , रेखा सिंह परिहार, पंकजा तिवारी , नागेन्द्र प्रताप सिंह , शांति स्वरूप सोनकर , अक्लीम अहमद मालिक , अभिमन्यु गंगवार , प्यारे लाल , अनुरिता सक्सेना , राजाराम , अनूप वाल्मीकि , हर्षित चौधरी आदि मौजूद रहे।

### बरखेड़ा क्षेत्र के करोड़ गांव में हुआ कार्यक्रम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** भाजपा की ओर से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ .भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत बरखेड़ा क्षेत्र में करोड़ गांव में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र अनावा रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान रचना के समय जिस दूरदर्शी सोच के साथ काम किया उसी सोच का परिणाम है कि हम धार्मिक स्थानों पर बिना भेदभाव के जा पाते हैं। भारत की आजादी के समय देश बहुत सारी कुरीतियों से घिरा हुआ था ऐसे में यदि संविधान सभा में बाबा साहेब जैसी दूरदर्शी सोच के व्यक्तित्व न होते तो भारत की गुलामी के समय से भी ज्यादा खराब स्थिति होती। कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने भी विचार रखे।

# डॉक्टर बनना चाहते हैं मेधावी संकल्प

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बेनहर पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्र संकल्प मिश्रा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके बेहतर परिणाम को देख परिवार में हर्ष है। संकल्प मूल रुप से जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीखेड़ा के रहने वाले अधिवक्ता महेंद्र मिश्र के पुत्र हैं। उनके ताऊ वरिष्ठ धीरेंद्र मिश्र जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता हैं। चाचा प्रखर मिश्र मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के एक बेसिक स्कूल में पीटीआई हैं। संकल्प ने बताया कि वह एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहते हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,गुरुजनों और परिवार को दिया है।



संकल्प मिश्रा।

## होनहार मेधावी छात्र



- 97 .0 प्रतिशत — सनोवर प्रीत कौर — बेनहर गुरुकुल
- 92 .0 प्रतिशत — अक्षत त्रिपाठी — बेनहर गुरुकुल
- 92 .0 प्रतिशत — मयंक कुमार पांडेय — बेनहर गुरुकुल
- 92 .0 प्रतिशत — श्रेया रस्तोगी — बेनहर गुरुकुल
- 90 .60 प्रतिशत — रूबल प्रीत कौर — बेनहर गुरुकुल
- 97 .80 प्रतिशत — तनुष राय — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 97 .40 प्रतिशत — मयूरा — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 97 .2 प्रतिशत — केशव कुमार गंगवार — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 97 .20 प्रतिशत — शिफा नूर — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 96 .40 प्रतिशत — मोहम्मद अली — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 96 .40 प्रतिशत — सानवी गुप्ता — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 96 .20 प्रतिशत — निहाल सिंह गंगवार — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 96 .0 प्रतिशत — मोहम्मद सुभान रजा — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .80 प्रतिशत — सुभवनी अग्रवाल — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .40 प्रतिशत — मोहम्मद यवर अराफत — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .20 प्रतिशत — आर्कित राज — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .20 प्रतिशत — ज्योति शुक्ला — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .0 प्रतिशत — आर्यन गंगवार — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 95 .0 प्रतिशत — संकल्प गंगवार — बेनहर पब्लिक स्कूल
- 97 .0 प्रतिशत — रिद्धि प्रजापति — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 96 .0 प्रतिशत — हर्ष वर्मा — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 93 .5 प्रतिशत — मोहम्मद वासिफ — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 92 .0 प्रतिशत — आध्या सिंघल — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 91 .2 प्रतिशत — अभिषेक सिंह — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 90 . 2 प्रतिशत — समृद्धि — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 90 .0 प्रतिशत — सिद्धि लाल — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 90 .0 प्रतिशत — मानस — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 88 .2 प्रतिशत — रुम्मान कादरी — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 88 .0 प्रतिशत — ईरम सुल्तान — स्प्रिंगडेल कॉलेज
- 96 .6 प्रतिशत — कार्तिक शर्मा — लिटिल एंजेल्स
- 96 .2 प्रतिशत — शौर्य पांडे — लिटिल एंजेल्स
- 95 .4 प्रतिशत — श्लोक सिंघल — लिटिल एंजेल्स
- 95 .4 प्रतिशत — अदिति अग्रवाल — लिटिल एंजेल्स
- 95 .4 प्रतिशत — एवलिन — लिटिल एंजेल्स
- 95 .4 प्रतिशत — अक्षत — लिटिल एंजेल्स
- 95 .0 प्रतिशत — उज्जवल भगवानी — लिटिल एंजेल्स
- 94 .8 प्रतिशत — आर्यन गंगवार — लिटिल एंजेल्स
- 94 .8 प्रतिशत — आयुष रस्तोगी — लिटिल एंजेल्स
- 95 .60 प्रतिशत — आरुष भारती — ज्ञान इंटरनेशनल
- 93 .60 प्रतिशत — अभिनव शर्मा — ज्ञान इंटरनेशनल
- 93 .20 प्रतिशत — आयुष शर्मा — ज्ञान इंटरनेशनल
- 92 .40 प्रतिशत — मन्नया पांडेय — ज्ञान इंटरनेशनल
- 92 .40 प्रतिशत — मोहम्मद उजैर — ज्ञान इंटरनेशनल
- 91.60 प्रतिशत — आस्था राजपूत — ज्ञान इंटरनेशनल
- 91 .40 प्रतिशत — अर्चित गंगवार — ज्ञान इंटरनेशनल
- 91 .20 प्रतिशत — रुवेंद्र सिंह — ज्ञान इंटरनेशनल
- 90 .40 प्रतिशत — वंशिका सिंह — ज्ञान इंटरनेशनल
- 90 .20 प्रतिशत — जमन — ज्ञान इंटरनेशनल



जागरुकता पदयात्रा में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्राओं ने निकाली जागरुकता पदयात्रा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** डिवाइन कॉलेज की ओर से नारी वंदन अधिनियम के समर्थन एवं महिलाओं के सम्मान, अधिकार एवं राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं एवं अन्य शिक्षणेत्तर महिलाओं ने भाग लिया। इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ .नीरज कुमार जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर कराई। पदयात्रा के दौरान छात्राओं ने जागरुकता नारे, बैनरों एवं पोस्टर पर लिखे संदेशों के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता डॉ. हरचरन लाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं को राजनीति में एक अधिकार प्रतिनिधित्व देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## शहर में आज

- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- शेरोवाली मठिया ब्रहमदेव बाबा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शाम 06 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।
- स्प्रिंगडेल कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक की मौत मामले में एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पांच दिन पूर्व शाहजहांपुर मार्ग पर खनंका चौकी के पास बाइकों की टक्कर में युवक की मौत के मामले में कार्रवाई की गई। ग्राम रोहनिया निवासी उमा चरण की पत्नी बसंती देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल को उसका पुत्र गोविंद बाइक से खनंका गांव से काम निपटाकर वापस आ रहा था। दोपहर के वक्त खालसा ढाबे के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक का चालक ग्राम खनंका उचसिया निवासी अरुन कुमार पुत्र रामकुमार लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे में पुत्र गोविंद की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी अरुन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसके जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने की आशंका जताई जा रही है। घटना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया की है। गांव की रहने वाली 60 वर्षीय कुसुम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार रात अचानक तबियत बिगड़ने पर चीख पुकार मची तो परिवार वाले कमरे में पहुंचे तो महिला बेसुध मिली। उसे परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सुनगढ़ी पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान महिला के जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने की आशंका जताई गई।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम कटैया उस्मानपुर के निवासी प्रिंस कुमार पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अप्रैल को उनकी पत्नी किरन देवी अपने मायके ग्राम बसई पुरैना से लौट रही थी। पैनिया रामकिशन गांव के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी समेत अन्य परिवार वाले घायल हो गए। पुलिस ने मामले में ट्रैक्टर चालक पैनिया रामकिशन गांव निवासी पंकज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता की मौत बेटी गंभीर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता मौत हो गई जबकि पीछे बैठी बेटी के सिर में चोट लगने से गंभीर घायल हो गई। हादसा गुरुवार देर शाम हुआ। बाइक चालक मृतक की पहचान 48 वर्षीय देवेंद्र सिंह के रूप में हुई, जोकि ग्राम अजमतपुर थाना बंडा जिला शाहजहांपुर का रहने वाला है। वह अपनी बेटी अन्नू के साथ अपनी बहन के घर करेली थाना क्षेत्र के गांव पंडरी मरौरी से घर लौट रहे थे। तभी गांव मीरपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं बेटी सिर में चोट लगने के कारण गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पीटीआर में शिकारियों से मुठभेड़, फरार

## जंगली सुअर का शव और बाइक बरामद, दो नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस

- बीती रात बराही रेंज की फैजुल्लागंज में हुई घटना, पुलिस को भी दी जा रही तहरीर
- शिकारियों ने वन कर्मियों पर पांच राउंड फायरिंग की, अंधेरे का फायदा उठाकर भागे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


बराही रेंज में शिकारी यही बाइक छोड़ कर भाग गये। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में एक बार फिर शिकारियों की दस्तक हुई। बराही रेंज में घुसे शिकारियों से वनकर्मियों की मुठभेड़ हो गई। शिकारियों ने वनकर्मियों पर करीब पांच राउंड फायर किए। इसके बाद खुद को घिरता देख तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। मौके पर एक बाइक और मृत जंगली सुअर का शव बरामद किया गया है। इस मामले में विभागीय केस दर्ज करने के बाद अब शिकारियों के खिलाफ माधोटांडा थाने में भी तहरीर दी गई है।

घटना बराही रेंज के फैजुल्लागंज सेक्शन की सिमरा बीट में बुधवार रात करीब 11.30 बजे के आसपास हुई। बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव को सूचना मिली थी कि सिमरा बीट में शिकारियों द्वारा वन्यजीव का शिकार किया जा रहा है। क्षेत्रीय वनाधिकारी के निर्देश पर सिमरा वन चौकी पर तैनात वन दरोगा कपिल कुमार, पुष्पेंद्र, वनरक्षक अनिल कुमार ने बीट वॉचरों के साथ संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर घेराबंदी कर दी। टीम ने पाया कि कुछ शिकारियों द्वारा जंगली सुअर पर हमलाकर मार दिया है। वनकर्मियों ने शिकारियों को दबोचने का प्रयास किया। इस पर शिकारियों ने पकड़े जाने के डर से अवैध असलहों से टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से करीब पांच राउंड गोलियां चलीं। हालांकि वनकर्मी इस हमले में बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई करते हुए वनकर्मियों ने घेराबंदी तेज की तो शिकारी बिना नंबर प्लेट की बाइक और जंगली सुअर का शव छोड़कर घने जंगल में भाग निकले। टीम ने मौके से बरामद बाइक आदि को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। मौके पर मिली के बाइक के आधार पर हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राघवपुरी निवासी हरजिंदर सिंह पुत्र कक्का सिंह, बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत विभागीय केस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही शिकारियों के के विरुद्ध कार्रवाई के लिए माधोटांडा थाने में भी तहरीर दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### बार-बार शिकारियों की दस्तक से सुरक्षा बंदोबस्त पर भी सवाल

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में शिकारियों की दस्तक पहले भी होती रही है। पीटीआर की माला रेंज में दो साल पहले 30 अगस्त 2024 को बाइक पर सवार होकर शिकारी जंगल में घुसे थे और दो चीतलों का शिकार कर लिया था। वनकर्मियों पर फायरिंग की गई थी। इसके अलावा वनरक्षक की बंदूक भी छीन ले गए थे। थाना गजरौला में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस की पांच और वन विभाग की तीन टीमें लगाई गई। जिसके बाद खुलासा हुआ तो गिरफ्तार किए गए शुरुआती छह लोगों में एक सिपाही भी शामिल निकला था। उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पिछले साल 12 सितंबर को चीतल के शिकार के साथ माला रेंज में चार शिकारी पकड़े गए थे जबकि तीन भाग गए थे। इसके छह दिन बाद ही माला रेंज की गढ़ा सेक्शन में तालाब से मछलियों का शिकार करते दो शिकारी पकड़े गए थे। उनके पास से प्लास्टिक जाल एवं शिकार के लिए 10 कांटे बरामद किए गए थे। इसके बाद एक अक्टूबर को महोफ रेंज की टीम ने दो शिकारियों को पकड़ा और चीतल का मांस बरामद किया गया था। पूछताछ में सामने आया था कि ये दोनों जंगल में शिकार करते थे और फिर मांस बेचा करते थे। इनकी धरपकड़ को गुडवर्क बताया गया, लेकिन सवाल ये है कि सख्त सुरक्षा इंतजाम के बीच ये शिकार करके वापस भी आ गए थे। इसके बाद घरों से धरपकड़ की गई थी। इसके अलावा भी कई मामले उजागर हो चुके हैं।

> सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी की थी। आरोपी रात का फायदा उठाकर भाग गए। इस मामले में दो नामजद आरोपियों समेत अज्ञात के खिलाफ विभागीय केस दर्ज कराया गया है। माधोटांडा थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।
>
> **-मनीष सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# निजी स्कूल में मिलीं निजी प्रकाशक की किताबें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीसलपुर के निजी स्कूल में डीआईओएस ने छापामारी के बाद दिया नोटिस

**अमृत विचार :** एनसीआरटी को दरकिनार कर निजी पब्लिकेशन की किताबों को संचालित कर रहे निजी स्कूलों पर प्रशासन ने कुछ सख्ती की है। शिकायतों के बाद गठित की गई कमेटी की जांच में खामियां मिलने पर एक निजी स्कूल पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया था। इसके बाद अब निजी पब्लिकेशन की बिक्री पर रोक नहीं लग सकी। अब बीसलपुर के एक स्कूल में निजी पब्लिकेशन की किताबें मिली है। जिसके बाद डीआईओएस की ओर से इस विद्यालय को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया गया है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद स्कूलों में खलबली मची है।

बता दें कि नए शैक्षिक सत्र में शासन ने निर्देश दिए थे कि स्कूलों में एनसीआरटी की किताबों को ही वरीयता दी जाएगी। मगर इसके बावजूद कई निजी स्कूलों में एनसीआरटी की किताबें न चलाकर निजी पब्लिकेशन की किताबें चलाई जा रही थी। इस पर कई शिकायतें सामने आने के बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर डीआईओएस राजीव कुमार सिंह की ओर से छापेमारी के लिए तहसील स्तरीय एक कमेटी गठित की गई थी। जिसके तहत सबसे पहले डीआईओएस ने स्वयं डीपीएस में छापा मारा था। जहां निजी पब्लिकेशन की किताबों के अलावा स्कूल से बिक्री होती पाई गई। इस पर डीआईओएस की ओर से प्रबंधन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इसके बाद अब बीसलपुर तहसील क्षेत्र के निजी स्कूल में दो दिन पहले गठित कमेटी जांच करने के लिए पहुंची थी तो वहां निजी पब्लिकेशन की किताबें चलाने का मामला सामने आया। इस पर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डीआईओएस ने स्कूल के प्रबंधक को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम को स्कूल में निजी प्रकाशन की किताबें संचालित मिली थी। उसी आधार पर स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया गया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वह अपना जवाब भेज चुके हैं।

# बीडीसी ने करेली एसओ की शिकायत कर लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एडीजी से हुई शिकायत, एएसपी कार्यालय में दर्ज हुए बयान

**अमृत विचार:** करेली के ग्राम पंचायत सदस्य ने एडीजी बरेली से शिकायत कर थानाध्यक्ष करेली व गांव के ही कुछ लोगों की शिकायत की है। उनकी तहरीर पर कार्रवाई न करने और दूसरे पक्ष से झूठा मुकदमा दर्ज कराने व थाना परिसर में मारपीट करने का आरोप लगाया है।

ब्लॉक बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम करेली के रहने वाले वार्ड नंबर 12 के ग्राम पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने एडीजी बरेली से शिकायत की। जिसमें बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने नई परती की जमीन पर कब्जा कर मकान बनवाया था। जिसकी पूर्व में शिकायत की गई थी। न्यायालय तहसीलदार बीसलपुर द्वारा उक्त व्यक्ति को दोषी मानते हुए भूमि से बेदखल किए जाने के साळा ही जुर्माना डाला गया। इसके बाद उक्त व्यक्ति की पुनः एक शिकायत गलत तरीके से प्लाट क्रय करने के बारे में की गई। इस प्लाट में नियम विरुद्ध तरीके से दुकानें बनवाई गई। इसकी जांच में भी दोषी पाए गए। जिसकी वजह से पीड़ित से रंजिश मानते हैं। एक बार आरोपियों ने हमला किया तो पुलिस ने ही बचाकर घर तक पहुंचाया था। इसकी तहरीर देने के बाद भी करेली थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोप है कि वह कोर्ट की शरण में पहुंचे तो इसकी भनक लगने पर आरोपियों ने थानाध्यक्ष करेली से साठगांठ कर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने एएसपी के कार्यालय में पहुंचकर अपना बयान भी दर्ज करा दिया है।

# ट्रेन की चपेट में आने वाले वृद्ध की हुई शिनाख्त

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** एक दिन पूर्व भोपतपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले वृद्ध की दूसरे दिन शिनाख्त हुई। व्हाट्सएप पर फोटो देखने के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिवार वालों ने शव देख शिनाख्त की। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

हादसा बुधवार को हुआ था। रेलवे स्टेशन भोपतपुर के समीप रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। उनकी पहचान उस वक्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, शव की शिनाख्त पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे उमराखान सिंह गांव के भगवान दास ने अपने पिता पूरनलाल के रूप में की। उन्होंने बताया कि वह अपने साढ़ू की पुत्री की लगन में गए हुएथे।

# कॉरिडोर से जुड़े गांवों को मिलेगा 1200 क्विंटल बीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को दी गन्ने की उन्नत खेती की सीख
- डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने पीटीआर के सहयोग से आयोजित किया बीज वितरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम



किसानों को निशुल्क गन्ना बीज वितरित करती डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** लालपुर- गढ़ा कॉरिडोर की उपयोगिता बरकरार रखने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से गन्ना बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को निशुल्क गन्ना बीज वितरित किया गया। वहीं कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को गन्ने की उन्नत खेती के तौर तरीकों की जानकारी दी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साझा प्रयासों से गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर न केवल वन्यजीवों के लिए सुरक्षित रास्ता बन रहा है, बल्कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने का जरिया भी साबित हो रहा है। इसी कड़ी में सीमावर्ती गांव लालपुर, विधिपुर और दंगड़ी में किसानों को गन्ने की खेती के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को गन्ना बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बीज वितरण के साथ वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई के गुर सिखाए गए। इस दौरान डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष कॉरिडोर से जुड़े गांवों के लिए 1200 क्विंटल गन्ना बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से अब तक 160 क्विंटल बीज किसानों को दिया जा चुका है। शेष बीज का वितरण आगामी पांच चरणों में पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद किसान तक उन्नत किस्म का बीज पहुंच सके। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एसएस ढाका ने कहा कि केवल बीज बोना पर्याप्त नहीं है, बल्कि खेत की तैयारी और बुवाई की विधि पैदावार में बड़ा अंतर पैदा करती है। उन्होंने बुवाई के पूर्व मिट्टी का उपचार, सही गहराई पर बीज डालना और बुवाई के बाद बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सोवरन लाल ने किसानों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की। इस मौके पर इको विकास समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल, सचिव रामभरत यादव, परियोजना अधिकारी कंधई लाल, फील्ड ऑफिसर राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार, बाघ मित्र सर्वजीत और महेंद्र पाल समेत कई किसान मौजूद रहे।

# जब्त सामान मांफी मांगने पर लौटाया

- दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम
- तहसील के पीछे मार्ग से ईदगाह तक चलाया अभियान

संवाददाता, बीसलपुर


अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसडीएम के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के लिए दूसरे दिन गुरुवार को भी टीम पहुंची। तहसील के पीछे वाले मार्ग से ईदगाह तक अभियान चलाया। नगर पालिका द्वारा कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया। हालांकि बाद में भविष्य में अतिक्रमण न करने का लिखित आश्वासन देने पर चेतावनी देकर सामान वापस कर दिया गया।

एसडीएम नागेंद्र पांडेय के निर्देश पर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के आरजी प्रभारी जकील अहमद टीम के साथ गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पहुंचे।

एक दिन पूर्व चेतावनी देने के बावजूद कई दुकानदार सड़क तक सामान सजाए बैठे थे। इस पर सख्ती करते हुए तहसील के पीछे वाले मार्ग पर फुटपाथ पर लगे जूता, चप्पल कपड़े आदि की दुकान के दुकानदारों का सामान जप्त कर लिया गया। इसके पश्चात अभियान ईदगाह चौराहे तक चला। जिसके अंतर्गत कई दुकानदारों का सामान मार्ग से जब्त किया गया। फिर दुकानदारों ने गलती मानी और दोबारा अतिक्रमण न करने की बात लिखित में दी। इस पर चेतावनी देकर सामान वापस कर दिया गया। अभियान के दौरान कुछ सख्ती होने पर खलबली मची रही।

# छेड़छाड़ के विरोध पर हमला, घर में घुसकर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ के विरोध पर परिजनों से मारपीट की गई। घर में घुसकर आरोपियों ने हमला किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री के साथ मोहल्ला देशनगर निवासी सर्वेश पुत्र वीरपाल गंगवार ने छेड़छाड़ की। इस दौरान किशोरी के चचेरे भाई ने विरोध किया तो आरोपी नाराज हो गया। आरोप है कि इसके बाद सर्वेश अपने कुछ साथियों के साथ चचेरे भाई के घर में घुस आया और मारपीट करने लगा। मारपीट में युवक घायल हो गया।

# निरीक्षण में नदारद मिले प्रभारी निलंबित

- पूरनपुर मंडी समिति का मामला, एआर कोऑपरेटिव ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद को लेकर शासन और प्रशासन की सख्ती के बावजूद केंद्र प्रभारियों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। ताज़ा मामला पूरनपुर मंडी का है, जहां निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी ड्यूटी से नदारद मिले। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने गैरहाजिर केंद्र प्रभारी को निलंबित कर दिया है।

डीएम के निर्देश पर जनपद के गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एडीसीओ चंद्रिका प्रसाद ने गुरुवार को शिवनगर सहकारी संघ लिमिटेड एट पूरनपुर मंडी द्वितीय क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। पूर्वान्ह करीब 11.50 बजे तक केंद्र प्रभारी अचल सिंह न तो केंद्र पर मौजूद मिल और न ही उन्होंने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की थी। जांच में यह भी सामने आया कि केंद्र प्रभारी पिछले कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित चल रहे है। उनका मोबाइल फोन भी अक्सर स्विच ऑफ रहता है।

केंद्र प्रभारी की इस लापरवाही के चलते किसानों को अपना गेहूं बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। गैरहाजिर केंद्र प्रभारी को निलंबित करने की संस्तुति की गई। इस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार ने केंद्र प्रभारी अचल सिंह को निलंबित कर दिया।

### अभी भी नहीं सुधरे जिम्मेदार

पूरनपुर मंडी समिति में गेहूं खरीद के दौरान अभी हाल ही में एक बड़ा प्रकरण चर्चित रहा था। एक किसान नेता ने कई दिन बाद भी गेहूं खरीद न होने पर डीएम के सीयूजी नंबर पर कॉल की थी। कई बार कॉल करने के बाद भी डीएम के बैठक में व्यस्त होने के चलते जब बात नहीं हो सकी तो कॉल रिसीव कर रहे डीएम के पीए को ही अपशब्द कहे और डीएम से मारपीट करने की धमकी तक दे दी गई थी। हालांकि इसके बाद किसान नेता ने मांफी मांगते हुए वीडियो भी वायरल किया था। इस मामले में किसान नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी और जेल भी भेजा गया था।

# शातिर गोमांस तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा

- गोकशी की दो घटनाओं में वांछित युवक फरार चल रहा था

संवाददाता, बीसलपुर


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने बीते माह दो स्थानों पर हुई गोकशी की घटनाओं में फरार चल रहे शातिर गोमांस तस्कर को धर दबोचा। उसके पास से अवैध असलहा बरामद हुआ। इसकी अलग से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

कोतवाली संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मोहल्ला ग्यासपुर निवासी शानू उर्फ तहसीम पुत्र मोहम्मद हनीफ गोकशी के दो मुकदमों में वांछित था। उसकी कई दिन से तलाश चल रही थी। पीलीभीत मार्ग पर उसके खड़े होने की सूचना मिली। इस पर दबिश दी गई। जिसके बाद ग्राम दुकसी जाने वाले रास्ते पर पुलिस को देख आरोपी भागने लगा। उसके पीछा कर कुछ ही दूरी से पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। चालान कर कोअर् में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी शानू उर्फ तहसीम पर गोकशी, गैंगस्टर एक्ट आदि के कई मुकदमे हैं।

# करगैना बाजार में दो पक्षों में मारपीट क्रॉस रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** करगैना बाजार में खरीदारी के दौरान शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो पक्षों के बीच मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है। थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम चखा निवासी नेतराम पुत्र ओमप्रकाश ने थाना अमरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल की शाम करीब सात बजे वह करगैना बाजार में खरीदारी करने पहुंचे थे। इसी दौरान थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम सकुटिया निवासी तोताराम, उसकी पत्नी गायत्री तथा पुत्र राजू और बंटी ने उनके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# आईडी हैक करके सात करोड़ की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लोन दिलाने का झांसा देकर जीएसटी आईडी व पासवर्ड किया गया हासिल
- हैंडपंप लगाने और मरम्मत का काम करने वाले व्यापारी के पास आया था फोन

**अमृत विचार :** लोन दिलाने के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें जालसाज ने कारोबारी की जीएसटी आईडी और पासवर्ड हासिल कर करोड़ों रुपये का फर्जी कारोबार दिखा दिया। मामले की जानकारी तब हुई, जब विभाग से नोटिस मिला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी मोहम्मद नईम पुत्र सकील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शाहजी इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म संचालित करते हैं और इंडिया मार्का हैंडपंप लगाने व सर्विस का कार्य करते हैं। उनके अनुसार, कुछ समय पहले उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई।

कॉल करने वाले ने अपना नाम अजमल उर्फ समीर राणा बताते हुए खुद को लोन दिलाने वाला बताया और आईसीआईसीआई बैंक से आसानी से ऋण दिलाने का भरोसा दिया। झांसे में आकर उन्होंने 12 जनवरी 2026 को अपनी जीएसटी आईडी, पासवर्ड और आधार कार्ड से जुड़ी जानकारी साझा कर दी। करीब दो माह बाद 13 मार्च को उन्हें जीएसटी कार्यालय से कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि उनकी जीएसटी आईडी के माध्यम से करीब सात करोड़ रुपये की खरीदारी दर्शाई गई है और संबंधित रिटर्न भी दाखिल नहीं किया गया है। ऐसा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

इस जानकारी से घबराकर जब उन्होंने आरोपी से संपर्क किया तो उसने गालीगलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद पीड़ित ने जीएसटी कार्यालय जाकर जानकारी की, जहां पता चला कि उनकी फर्म के नाम पर कई लोगों और एक कंपनी द्वारा फर्जी बिलों के माध्यम से खरीदारी दर्शाई गई है। अपनी कंपनी को केन्द्र बनाकर की गई ठगी की जानकारी पर व्यापारी भी हैरान है।

पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि विवेचना कराई जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# तिलागिरी गांव में आग से पांच बीघा गेहूं जला

संवाददाता, बिलसंडा


आग में जली गेहूं की फसल।

**अमृत विचार:** गांव नगरिया तिलागिरी में आग लगने से किसान का पांच बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। बमुश्किल आग पर काबू किया गया लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था।

गांव के ही महेश कुमार बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। उनका पांच बीघा खेत है। गुरुवार को उसकी पत्नी गुड्डी देवी अपने बेटों के साथ गेहूं की कटाई कर रही थी। दोपहर को खाने के लिए सभी घर चले गए। वापस आने पर देखा कि गेहूं की फसल में आग लग गई थी। शोर शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। किसानों ने कृषि उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों के अनुसार दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन कॉल रिवीव नहीं हुई। फिर एसडीएम को कॉल कर सूचना दी गई। इसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची। पड़ोस के ही अवतार सिंह और मेजर सिंह ने ट्रैक्टर और प्रेशर टैंक की मदद से आग पर काबू पा लिया। सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर मुआयना कर नुकसान का आकलन किया।







# पूरनपुर-मरौरी में 3 सफाई कर्मचारी निलंबित

## संचारी रोग अभियान में फिसड्डी रहने पर कई सचिवों और एडीओ का भी जवाब तलब

- निरीक्षण में मिले थे गैरहाजिर, सफाई व्यवस्था भी मिली थी बेपटरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को ठेंगा दिखाने वाले लापरवाह कर्मचारियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। डीपीआरओ ने पूरनपुर व मरौरी ब्लाक में गैरहाजिर मिले तीन सफाई कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक महिला कर्मचारी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इन सभी को एडीओ पंचायत के निरीक्षण के दौरान मिली गंदगी और ड्यूटी से नदारद रहने पर कार्रवाई की गई है।



विकास भवन। ● अमृत विचार

जनपद में पहली अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गांवों में साफ-सफाई के साथ फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीओ पंचायत को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इधर पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत खमरिया पट्टी में एडीओ पंचायत के निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारी धनवीर ड्यूटी से गायब मिले। साथ ही गांव में गंदगी का अंबार लगा पाया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत चाट फिरोजपुर की सफाई कर्मचारी वीना देवी भी मौके से अनुपस्थित मिलीं। ग्राम पंचायत ढकिया केसरपुर में तैनात सफाई कर्मचारी रोहित कुमार के पिछले कई महीनों से बिना किसी सूचना के गायब रहने की जानकारी मिली। इस तीनों मामलों में डीपीआरओ रोहित भारती ने कड़ा रुख अपनाते हुए तीनों सफाईकर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके अलावा मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत पिपरिया अगरू में एडीओ पंचायत के निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारी आशा कुमारी नदारद मिलीं। इस लापरवाही पर डीपीआरओ ने आशा कुमारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### पंचायत सचिवों और एडीओ पर भी गिरी गाज

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की निगरानी एजेंसी द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। निगरानी एजेंसी की रिपोर्ट के आधार पर बिलसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत भितेरा, रामपुर बसंत, ललौरीखेड़ा की मीरपुर, पूरनपुर की हरीपुर मुस्तकिल फुलहर, माधौटांडा और अमरिया ब्लाक की ग्राम पंचायत खमरिया दलेलगंज और विसेन के पंचायत सचिवों, सफाई कर्मचारियों और संबंधित एडीओ पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

> सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी बिना सूचना के गायब हैं या सफाई कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। तीन सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।
> **-रोहित भारती**, डीपीआरओ।

# बरखेड़ा में अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**बरखेड़ा।** पीलीभीत - बीसलपुर मार्ग पर पैदल जा रहे राहगीर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। राहगीर को सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा बरखेड़ा से बीसलपुर की तरफ गांव मोहम्मद गंज अमखिडिया के समीप बारात घर के पास गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर होने के बाद चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उसकी पहले ही मौत हो जाना बताया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना में मौत हुई व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी जेब से पीलीभीत से बीसलपुर तक का रेलवे टिकट निकला है।



















# स्मार्ट मीटर बना मुसीबत, एडवांस बिल चुकाने के बाद भी बत्ती गुल

- कलेक्ट्रेट पहुंचकर चीख-चीखकर सुनाया दुखड़ा, बोले: कोई सुनने वाला ही नहीं
- वीडियो वायरल होने के बाद मची खलबली, डीएम की फटकार के बाद सप्लाई चालू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ती जा रही है। एक तरफ अचानक बढ़ते बिल के साथ ही बिजली गुल हो रही है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के द्वारा उचित सुनवाई नहीं हो पा रही। इसी से गुस्साए एक उपभोक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और काफी देर तक उनकी कोई सुनवाई न हो सकी तो उन्होंन जोर-जोर से चीखकर अपनी पीड़ा को बयां किया।बाद में मामला संज्ञान में आते ही डीएम सख्त हुए और संबंधित जिम्मेदारों की फटकार लगाई। जिसके बाद चंद घंटे के भीतर संबंधित उपभोक्ता के घर की सप्लाई चालू हो गई।


कलेक्ट्रेट पहुंचा पीड़ित उपभोक्ता।

इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल अधिक आ रहा है। अचानक बिजली भी गुल हो जा रही है। शहर से सटे राजीव कॉलोनी बरहा के रहने वाले सर्वेश कुमार स्मार्ट मीटर को लेकर चली आ रही अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। आरोप है कि दो घंटे इंतजार करने के बाद भी उनकी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह आहत होकर चीखकर पीड़ा बयां करने लगे। कहा उनका परिवार पिछले चार दिनों से अंधेरे में है। उनके घर की बिल जमा होने के बावजूद बिजली काट दी गई है। जबकि 7500 रुपये का बिल के साथ ही एडवांस में भी रकम जमा कर दी गई थी। इसके बाद आंबेडकर जयंती के दिन मेसेज से पता चला कि चार हजार बिल बकाया है। बताते हैं कि बाद में डीएम ने संज्ञान लेते हुए एडीएम एफआर को मामले की जांच के निर्देश दिए और मातहतों की फटकार भी लगाई।

## करियर काउंसलिंग सत्र में दिए गए टिप्स

**पीलीभीत, अमृत विचारः** बेनहर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र गुरुवार को आयोजित किया गया। करियर काउंसलर सीए नेहा अरोड़ा ने करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को उनके करियर के प्रति जागरूक करना और सही दिशा में मार्गदर्शन देना रहा। छात्रों को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप कैरियर चयन करने की सलाह दी। उन्होंने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानकारी साझा की। प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन सत्र विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करते हैं।

# सफर के दौरान टेंपो में रखी अटैची से जेवरात चोरी

- जहानाबाद से नवाबगंज जाते वक्त हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** विवाह समारोह में शामिल होने जा रही महिला टेंपो यात्रा के दौरान चोरी का शिकार हो गई। शातिरों ने अटैची का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकदी समेट लिए। विरोध करने पर चालक वाहन लेकर भाग गया।

उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के थाना सितारगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच निवासी गुलिस्ता पत्नी बाबू रजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 अप्रैल की शाम करीब सवा चार बजे बस से अपनी बहन के घर थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम मुडलिया पहुंची थीं। वहां से बहन और भांजी के साथ जहानाबाद आईं और नवाबगंज में आयोजित पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए टेंपो में सवार हो गईं। उन्होंने बताया कि टेंपो चालक ने उनका बैग और अटैची ऊपर रखवा दी। अटैची में सोने-चांदी के जेवरात और पांच हजार रुपये नकद रखे थे। नवाबगंज पहुंचने पर जब उन्होंने अटैची देखी तो उसका ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान गायब था। विरोध करने पर टेंपो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि टेंपो में दो संदिग्ध युवक भी सवार थे, जिनमें से एक युवक सामान रखने के बाद ऊपर जाकर बैठ गया था। उन्हें आशंका है कि उसी युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की शिकायत एसपी से किए जाने पर जहानाबाद पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस संदिग्धों की पहचान कर घटना के खुलासे में जुटी है।

# ब्रह्मा की उत्पत्ति की कथा सुनाई


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


गोकुल ठाकुर जी महाराज।

- शेरो वाली मठिया ब्रह्मदेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद स्थित शेरों वाली मठिया ब्रह्मदेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा का रसपान किया। इस दौरान भजन भी गाए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

दूसरे दिन की कथा में सृष्टि की रचना व ब्रह्मा की उत्पत्ति की कथा का वर्णन किया गया। कथाव्यास श्रीगोकुल ठाकुर जी महाराज ने कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि परमात्मा के संकल्प मात्र से पृथ्वी का जन्म हो जाता है। उनके संकल्प मात्र से जीव जंतु जन्म लेते हैं।

उनके खाने-पीने रहने का भी प्रबंध हो जाता है। भगवान विष्णु के रूप में सृष्टि को रचते हैं। प्रभु ब्रह्माजी के रूप में पालन करते हैं। भगवान शिव के रूप में निराशक्त होकर प्रलय करते हैं। भगवान सब में भी हैं और सबसे दूर भी है लेकिन किसी को दिखाई नहीं देते। अगर हमारा भाव उनको पाने का दरण संकल्प कर ले तो प्रभु अवश्य मिल जाते हैं। दूसरे दिन की कथा में मुख्य यजमान घनश्याम टहलानी रहे। इस मौके परविनोद बाला, हरिओम, जगदीश, उमेश, हरीश, राकेश, अजय, राजेश, जय सिंह, शकुंतला, निशा, पूनम, पूजा, अनिल, सुनील, हरिवंश आदि मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल का फायर फाइटिंग अभ्यास

संवाददाता, पलिया कलां



आग बुझाने का अभ्यास करता एसएसबी जवान। ● अमृत विचार

- एसएसबी, नेपाल एपीएफ और अग्निशमन दल ने किया अभ्यास
- सिखाए आग बुझाने के तरीके आपदा से निपटने की तैयारी

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर आपदा प्रबंधन को लेकर संयुक्त तैयारी को मजबूत करने के लिए एसएसबी और नेपाल एपीएफ के बीच संयुक्त फायर फाइटिंग अभ्यास आयोजित किया गया। यह अभ्यास एसएसबी की 39वीं वाहिनी की बी समवाय बनकटी ने सीमा स्तंभ संख्या 745/2 के पास किया।

अभ्यास में भारत और नेपाल दोनों देशों के सुरक्षा बलों के अधिकारी, जवान और स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन द्वितीय कमान अधिकारी माधव चंद्र घोष की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान सहायक कमांडेंट विवेक कुमार यादव, निरीक्षक सामान्य संदीप कुमार और उपनिरीक्षक राम सिंह चौहान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। अग्निशमन दल पलिया की ओर से उपनिरीक्षक राहुल कुमार वर्मा, चालक रणधीर सिंह तथा फायरमैन संजीव कुमार, दीपक कुमार और अंकित कुमार ने भाग लिया। वहीं नेपाल एपीएफ की ओर से एसपी खुम बहादुर, डीएसपी मोहन जंग कार्की, निरीक्षक बिशन सिंह कार्की, निरीक्षक अजय सोनार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अभ्यास के दौरान अग्निशमन अधिकारियों ने दोनों देशों के जवानों को आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, आग बुझाने की तकनीक और बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

### 10 बजे की तस्वीर ने खोली व्यवस्था की पोल, घंटों जूझते रहे राहगीर

# सड़क पर बस खड़ी कर ड्राइवर फरार, रोडवेज बस स्टैंड पर जाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रोडवेज बस स्टैंड के सामने लगा जाम। ● अमृत विचार

- सौजन्या चौराहे तक सड़क पर रहता है बसों का कब्जा, जीएसटी चोरी के आरोप

**अमृत विचार:** शहर के रोडवेज बस स्टैंड के बाहर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे खुलेआम गुंडई और लापरवाही का नजारा देखने को मिला। एक रोडवेज बस को बीच सड़क पर खड़ा कर ड्राइवर मौके से गायब हो गया, जिससे कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग गया।

बस के सड़क पर खड़े होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूली बच्चे, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और आम राहगीर घंटों जाम में फंसे रहे, लेकिन हालात संभालने के लिए मौके पर न तो ट्रैफिक पुलिस पहुंची और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। रोडवेज बस स्टैंड से लेकर सौजन्या चौराहे तक बस संचालकों ने सड़क को ही अपना निजी अड्डा बना रखा है। मनमर्जी से बसें सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं और ड्राइवर-कंडक्टर गायब हो जाते हैं, जिससे रोजाना जाम की समस्या खड़ी होती है। गंभीर आरोप यह भी हैं कि बाहर से आने वाले लाखों रुपये के सामान को बस स्टैंड से पहले ही उतार लिया जाता है, जिससे जीएसटी राजस्व की चोरी की आशंका जताई जा रही है। राहगीरों का कहना है कि सड़क पर ही सामान की लोडिंग-अनलोडिंग से यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। राजापुर चौराहे के पास हालात और भी बदतर बताए जा रहे हैं।

वहां पुलिस चौकी और ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद जाम की समस्या बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग इस पूरे मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इस अव्यवस्था के पीछे सेटिंग का खेल भी चल रहा है। स्थानीय लोग तंज कसते हुए कहते हैं कि यहां गांधी जी (नोट) बीच-बीच में चलते हैं, तभी तो सब कुछ देखकर भी आंखों पर चश्मा चढ़ा रहता है।

### चौकी पुलिस नहीं देती ध्यान

रोडवेज बस स्टेशन पर रोडवेज पुलिस चौकी स्थापित है। कहने को यहां चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ होमगार्डों की भी तैनाती रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से यह पुलिस चौकी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन इस चौकी पर चौकी इंचार्ज और सिपाही यदाकदा ही रहते हैं। पूरी पुलिस चौकी दो होमगार्डों के सहारे छोड़ दी जाती है। चौकी पर तैनात होमगार्ड और चौकी पुलिस भी जाम को लेकर कोई सख्ती नहीं दिखाती। इससे चालक बेखौफ रहते हैं और मनमाने तरीके से बसों को रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को जाम में फंसकर भुगत रहे हैं।

> सूचना मिली थी। उस पर जवानों को भेजकर जाम खुलवा दिया गया था। चालकों को सड़क पर बसों को खड़ी करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। **-सचिन गंगवार,** टीएसआई

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद में महिला से मारपीट, घर से निकाला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना ईसानगर के गांव रायपुर निवासी रेशमी पत्नी सुधीराम ने बताया कि बुधवार को उसके ससुराल पक्ष के लोगों राजपत, करन, राजकिशोर और रामदेवी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि विवाद के दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी गई और घर से भगा दिया गया। पीड़िता ने बताया कि मारपीट में उसे चोटें भी आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई संतराम कोरिया को सौंपी है।

### भैंस बांधने के विवाद में युवक समेत परिजनों को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव इमिलिया निवासी महेश कुमार ने बताया कि रात वह मजदूरी करके घर लौट रहा था। रास्ते में एक व्यक्ति की भैंस बंधी थी, जिसे हटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर दिल्ली, राकेश, मोहिनी और राहुल समेत कई लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर बचाने आए परिजनों शिवा, रामबहादुर और रूपा को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएचसी में पांच साल से हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं, एक्स-रे बंद

### गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पांच दिन से नहीं हो रहे एक्सरे, ठीक होने पर भी सप्ताह में केवल तीन दिन ही होती है एक्सरे की जांच

**अमृत विचार अभियान**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



सीएचसी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर खड़े मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर में स्थित 50 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला में अव्यवस्थाएं लगातार हावी हैं। अधिकारियों की अनदेखी के चलते यहां मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पिछले पांच वर्षों से अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक सर्जन) की तैनाती नहीं है, जिससे हड्डी से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्हें मजबूरन निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ रहा है।

सीएचसी में एक्स-रे सुविधा भी पूरी तरह पटरी पर नहीं है। टेक्नीशियन की कमी के कारण यहां सप्ताह में केवल तीन दिन ही एक्स-रे हो पाता है, जबकि बाकी दिनों में टेक्नीशियन मोहम्मदी में तैनात रहता है। वहीं, मशीन खराब होने के कारण पिछले पांच दिनों से एक्स-रे पूरी तरह बंद है, जिससे मरीजों की दिक्कत और बढ़ गई है। अस्पताल में तमाम सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद भर्ती वार्ड अक्सर खाली रहता है। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को डॉक्टर तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं। ऐसे में सीएचसी गोला अब इलाज के बजाय रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। पंजाबी कॉलोनी रोड स्थित इस अस्पताल में जांच, दवाइयां और रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त व्यवस्था है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को अपेक्षित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इस बाबत चिकित्साधिकारी डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि कुत्ता, बंदर या सियार के काटने पर पर्याप्त मात्रा में रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध हैं। अस्पताल परिसर में लगा ऑक्सीजन प्लांट भी सुचारु रूप से कार्य कर रहा है और दवाइयों की कोई कमी नहीं है।

### खराब है मशीन का लटका पर्चा




सीएचसी में लाखों रुपए से लगवाई गई डिजिटल एक्सरे मशीन खराब होने से पांच दिन से एक्सरे नहीं हो रहा है। जब मशीन ठीक होती है तो टेक्निशियन के अभाव में चलते सिर्फ सप्ताह में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही संचालित होती है। केवल तीन दिन ही एक्सरे हो पाते हैं। बाकी दिन टेक्नीशियन प्रदीप कुमार यादव मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चले जाते हैं, जिससे यहां चोट, हड्डी रोग से संबंधित के लोगों को अधिक धन खर्च कर बाहर प्राइवेट पैथोलॉजी में एक्स रे कराने को मजबूर होना पड़ता है।

### सीएचसी में भर्ती नहीं होते मरीज



सीएचसी में डॉक्टरों के अभाव में जो भी डॉक्टर मौजूद हैं, वह अपनी दिक्कतों को बचाने के लिये मरीज भर्ती न कर जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं, जिससे गोला सीएचसी रेफरल सेंटर बनकर रह गई है। मरीज भर्ती वार्ड की हालत दयनीय है, किसी भी बेड पर चादर नहीं है और एक नंबर बेड पर गद्दा तक नहीं पड़ा है। खुद स्वास्थ्य कर्मियों को नहीं पता है कि बिजली फिटिंग होने के बाद गर्मी में कक्ष में रोशनी रहती है कि नहीं और पंखा चलता है कि नहीं।

### महिला वार्ड का वॉटर कूलर खराब



गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में महिला वार्ड में लगा एकमात्र वाटर कूलर काफी दिनों से खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो सकी है। सीएचसी में प्रतिदिन औसतन 750 से अधिक नए पर्चे और पुराने पर्चे मिलाकर 1000 से 1200 तक ओपीडी होती हैं। ऐसे में पानी के लिये परिसर में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से लोगों को प्यास बुझानी पड़ती है।

### एक मई से ऑनलाइन होगी ओपीडी

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि एक मई से ओपीडी व्यवस्था हाईटेक हो जाएगी। मरीज द्वारा आधार कार्ड दिखाए जाने पर ही उसका ऑनलाइन पर्चा बनेगा, जिसकी प्रिंट आउट उसे दिया जाएगा। तब वह जाकर संबंधित डॉक्टर से परामर्श ले सकेगा।

### खुले आसमान के नीचे धूप में डाल दी गई बेंच



अमूमन गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग मरीजों की सुविधा के लिये सीएचसी में लोहे की बेंच है, जो कर्मचारियों की लापरवाही से धूप में खुले आसमान के नीचे डाल दी गई है, जिससे मजबूरन यहां आने वाले मरीज और तीमारदार परिसर में खड़े पेड़ के नीचे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

### आठ की जगह चार डॉक्टर

अस्पताल में सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार केवल नाम के लिये हैं। वह सीएचसी में न तो कभी बैठते हैं और न ही ओपीडी में मरीज देखते हैं। जब कोई अधिकारी या जन प्रतिनिधि सीएचसी आता है तो वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने आते हैं। ऐसे में उन्हें नाइट ड्यूटी से भी कोई मतलब नहीं है। बचे चार डॉक्टरों में डॉ. अजय वर्मा, डॉ. अशोक बिहारी, डॉ. नितिन कुमार, महिला चिकित्सक डॉ. यामिनी बादल, संविदा चिकित्सक डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा सीएचसी में मरीजों को देखते हैं। प्रतिदिन एक डॉक्टर की नाइट ड्यूटी के कारण दिन में तीन डॉक्टरों के जिम्मे अस्पताल का संचालन है।

### सीएचसी पर एक फार्मासिस्ट को जिम्मा

सीएचसी में तीन फार्मासिस्ट होने चाहिये। यहो तैनात रहे फार्मासिस्ट मुन्नालाल के छह माह पूर्व सेवानिवृत्त हो जाने से सारा जिम्मा फार्मासिस्ट विवेक शर्मा पर आ गया है, जिन्हें दवाओं का रखरखाव और जिला असपताल से दवाएं लेने भी जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में दवओं का आवंटन समुचित ढंग से नहीं हो पाता। अस्पताल विशेषकर ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ न होने की कमी को झेल रहा है, जिसका खामियाजा दूर दराज और नगर के लोगों को झेलना पड़ रहा है।

> सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ऑर्थोपेडिक सर्जन की नियुक्ति नहीं होती है। सभी एमबीबीएस डॉक्टर हैं। हड्डी रोग से संबंधित कोई मरीज आता है तो उसको ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर उचित परामर्श, दवाइयां देते हैं। जनपद में एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी है, जिसके चलते तीन दिन एक्सरे होते हैं। बाकी तीन दिन वह मोहम्मदी सीएचसी जाता है। एक्सरे मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। **- डॉ. गणेश कुमार,** अधीक्षक सीएचसी गोला।

# रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर भड़के किसान

संवाददाता, भीरा



धरने पर बैठे किसान यूनियन के सदस्य और मौजूद ग्रामीण।

- बोझवा क्रॉसिंग पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू
- 1 मई से रेल रोको और चक्का जाम की चेतावनी

**अमृत विचार:** पलिया-भीरा क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने के विरोध में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सिंघानिया) ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह धरना 15 अप्रैल से ग्रामसभा मटेहिया के बोझवा रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहा है, जहां बड़ी संख्या में किसान जुटे हुए हैं।

संगठन के जिला अध्यक्ष अमर सिंह तोमर ने बताया कि मटेहिया, बोझवा और दौलतापुर की क्रॉसिंग बंद होने से किसानों को अपनी खेती तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खाद-बीज ले जाने और फसल की देखभाल में बाधा आ रही है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। धरने के पहले दिन ही संगठन ने एसडीएम पलिया को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने 24 जनवरी को 10 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 30 अप्रैल तक क्रॉसिंग को दोबारा नहीं खोला गया, तो 1 मई से उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत रेल रोको आंदोलन और भीरा-पलिया मार्ग पर पूर्ण चक्का जाम किया जाएगा। धरना स्थल पर मंडल अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री नंदकिशोर आर्या, तहसील अध्यक्ष साहेब लाल बौद्ध और त्रिभुवन समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष अमर सिंह तोमर ने साफ कहा कि किसानों की जमीन ही उनकी जीविका है, और यदि रास्ते बंद किए जाएंगे तो किसान रेल की पटरियों पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# गर्मी के साथ बढ़ी बिजली कटौती, लोग परेशान

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** तापमान बढ़ते ही बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लगातार हो रही कटौती से लोग बेहाल हैं।

नगरवासियों का कहना है कि सुबह आंख खुलते ही बिजली गायब मिलती है। इससे जलापूर्ति बाधित हो जाती है, जिसके चलते नहाने-धोने और अन्य दैनिक कार्यों में दिक्कतें खड़ी हो जाती हैं। करीब 8 बजे बिजली आती भी है तो कुछ देर बाद ही आंख-मिचौली शुरू हो जाती है। दोपहर तक फिर बिजली पूरी तरह नदारद हो जाती है। दोपहर के समय जब सूरज तेज तपिश के साथ लोगों को झुलसा रहा होता है, उस वक्त बिजली न होने से लोग पंखे और कूलर तक के लिए तरस जाते हैं। उधर, तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की स्थिति और भी बदतर बनी हुई है। इस समय गन्ने की फसल की सिंचाई का दौर चल रहा है, लेकिन किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। मजबूरी में कई किसानों को डीजल इंजन का सहारा लेना पड़ रहा है।

### बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही कटौती

लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के अघोषित कटौती की जा रही है। इससे न तो लोग कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर पा रहे हैं और न ही अपनी दिनचर्या को सही ढंग से चला पा रहे हैं। मांग की है कि कटौती की समस्या का जल्द समाधान किया जाए और कम से कम निर्धारित समय पर ही आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## न्यूज डायरी

### बकाया मानदेय भुगतान को लेकर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन



**निघासन अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवकों ने लंबे समय से लंबित मानदेय और मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। रोजगार सेवकों का कहना है कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल पा रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने खंड विकास कार्यालय पर प्रदर्शन किया। रोजगार सेवकों के अनुसार बीते 10 महीनों से उनका मानदेय नहीं आया है, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। वहीं गांवों में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान भी करीब पांच महीनों से लंबित है, जिससे मजदूरों में भी नाराजगी बढ़ रही है। हड़ताल के कारण गांवों में मनरेगा से जुड़े कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। रोजगार सेवकों ने साफ कहा है कि जब तक मानदेय की नियमित व्यवस्था और मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमर प्रकाश शुक्ला ने कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे अब मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के दौरान आशीष कनौजिया, संजय गुप्ता, तिलकराम, इमरान खान, सुरजीत सिंह, आनंद कुमार, दुर्गेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मौर्य, अनिल कुमार, मोहन यादव, पिंटू वर्मा, श्रीराम समेत बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### वैश्य समाज की बैठक में कई पदाधिकारियों का मनोनयन



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के एक गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष युवा आदित्य गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने 22 अप्रैल को जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित संगठन के संरक्षक कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी के कार्यक्रम वैश्य व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई। जिलाध्यक्ष युवा ने गोला नगर में संगठन का विस्तार करते हुए सुमित गुप्ता को नगर अध्यक्ष युवा, सुमित कुमार गुप्ता को महामंत्री, सुधीर गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रामजी गुप्ता को संगठन मंत्री, प्रमोद गुप्ता को मीडिया प्रभारी, अखिलेश जायसवाल, शिवम गुप्ता और संतोष गुप्ता को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया।

### कॉरपोरेट परस्त नीतियां मजदूरों को बना रहीं गुलाम



**लखीमपुर खीरी अमृत विचार:** समाजवादी मजदूर सभा/लोक मजदूर सभा ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें कॉरपोरेट परस्त करार दिया है। संगठन का आरोप है कि इन नीतियों के जरिए मजदूरों को आर्थिक रूप से कमजोर और निर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सहायक श्रम आयुक्त के माध्यम से सौंपा। यह ज्ञापन नोएडा में 13 व 14 अप्रैल को हुई घटनाओं को लेकर दिया गया है। ज्ञापन में संगठन ने अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम 20,000 मासिक वेतन सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। साथ ही मजदूरों, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की गई। संगठन ने कहा कि आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमे फर्जी हैं, जिन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। इसके अलावा 13 और 14 अप्रैल की घटनाओं की न्यायिक जांच कराकर दोषी अधिकारियों और प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई। मजदूरों को हड़ताल करने और यूनियन बनाने का संवैधानिक अधिकार है, जिसकी रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में मनरेगा कर्मियों के बकाया भुगतान को तुरंत जारी करने और उनकी लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार करने की बात भी कही गई। इस दौरान सरदार हरजीत सिंह, यदुवेंद्र वर्मा 'पम्मू', रियाजुल्ला खान, अनुपम वर्मा, भूपेंद्र सिंह 'अन्नू', सुधीर यादव, अनीता, गीता देवी, माधुरी, सूफिया, साबिर अली, सचिन, अशफाक अंसारी, जितेंद्र, श्रीराम, नीरज रस्तोगी, शीबू अंसारी और फुरकान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मौसम का हाल** | लगातार बढ़ता तापमान बना मुसीबत, गर्म हवाओं के थपेड़ों से घरों में कैद हो रहे लोग

# तेज धूप ने बढ़ाई परेशानी, दोपहर में बाजार व सड़कें सूनी

संवाददाता, मूड़ा सवारान



दोपहर में सूनी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गर्मी ने अब अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रत्येक दिन सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह से ही तेज धूप लोगों को परेशान करने लगती है। वहीं दोपहर होते होते हालात ऐसे हो जाते हैं कि बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है। गर्म हवा के झुलसाने वाले थपेड़े लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर रहे हैं। खास कर दोपहर के समय बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। जरूरतमंद लोग ही कम से बाहर निकल रहे हैं, जबकि अधिकतर लोग धूप से बचने के लिए घरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं।

बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आमतौर पर यह तापमान जून में होता है, लेकिन इस बार अप्रैल के मध्य में ही मौसम का पारा हाई हो गया है। इस बार पिछले वर्षों की अपेक्षा गर्मी देर से शुरू हुई है। लेकिन तापमान में आई तेजी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। गर्मी के साथ मच्छरों की भरमार से लोग मलेरिया, वायरल बुखार, डायरिया और पेट की बीमारियों से जूझ रहे हैं। सुबह से ही गर्मी का प्रकोप बढ़ जाने से दोपहर होते होते मौसम इतना गर्म हो जाता है कि बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। लोग धूप से बचाव के लिए सिर और चेहरा ढक कर बाहर निकल रहे हैं। धूप से बचाव के लिए कोई चश्मा तो कोई टोपी तो कोई छाते का प्रयोग कर रहा है। महिलाएं स्कार्फ से पूरा चेहरा तक कर बाहर निकल रही हैं। कड़ी धूप और भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही है।

### तापमान बढ़ने के साथ बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा



डॉ. सुभाश वर्मा।

बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सुभाष वर्मा ने बताया कि दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में रहने से हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। इसमें शरीर में पानी और नमक की मात्रा कम हो जाती है और पसीना आना बंद हो जाता है। गर्म हवा लू लगने से हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर न निकलें अगर निकालना मजबूरी हो तो धूप से बचाव के इंतजाम के साथ निकलें। मौसमी फलों के साथ घर के बने तरल पदार्थों का ही सेवन करें।

**हीट स्ट्रोक के लक्षण:** त्वचा गर्म, लाल व सूखी होना, बेचैनी और घबराहट होना, चक्कर आना, सिर घूमना और उल्टी होना, धड़कन तेज एवं सांस लेने में परेशानी होना।

**ऐसे करें बचाव:** घर से बाहर निकलते समय अधिकांश पानी पिएं, नारियल पानी, नींबू, दही, लस्सी, सत्तू का सेवन करें। मौसमी फल तरबूज, ककड़ी, खीरा आदि का सेवन करें, जरूरी होने पर ही दोपहर में सिर ढककर घर के बाहर निकलें, अधिकतर काम सुबह व शाम को निपटाएं, भोजन हल्का करें, कोल्ड ड्रिंक का सेवन न करें, बाजार के कटे फलों से बचें।

**अम्बा हैल्थ क्लीनिक**



**डॉ.आर.एस.सिंह**
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

**स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ**

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडोल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# मुझको प्यारी सभी जुबान...उर्दू मेरा जिस्म, हिन्दी मेरी जान

## गोला में चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कुल हिन्द मुशायरा में शायरों ने बांधा समां, देर रात तक गजलों का आनंद लेते रहे श्रोता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक चैती मेला के 19 वें दिन सांस्कृतिक मंच पर कुल हिन्द मुशायरा में शायरों ने समां बांध दिया। श्रोता देर रात तक गजलों का आनंद लेते रहे।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सदस्य राजा जफरउल्ला खां, कार्यक्रम अध्यक्ष गोला पब्लिक इंटर कॉलेज प्रबंधक बीए खान, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सलीम, रकीम खां, अयूब खां, मौलाना आजाद काशमी, डॉ. समर्पित मिश्रा, ज्योतिषाचार्य अनुज सिंह कछवाहा, समाजसेवी विजय राठी, रोटरी क्लब के कर्म सिंह के साथ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कुल हिन्द मुशायरा का शमां रोशन कर आगाज किया। उन्होंने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि चेयरमैन रिंकू जी सभी धर्मा का सम्मान करते है। वह कांवरियों पर पुष्प वर्षा करते है तो बारावफात, नगर कीर्तन में भी पुष्प वर्षा करते है। कार्यक्रम अध्यक्ष बीए खान ने कहा कि पालिकाध्यक्ष की कार्यशैली बहुत अच्छी है। वह काम को कल के लिए नही छोड़ते।



गोला में चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर शमां रोशन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि उन्होंने चैती मेला के मंच पर सभी वरिष्ठजनों को आमंत्रित किया। मुशायरा संयोजक मधुकर शैदाई के मार्गदर्शन में सलमान घोसवी ने फरमाया जां से बढ़कर भी चाहा जिसे हॉ वही बेबफा हो गया, क्यों भला गमजदा मैं रहूं, जो मुकद्दर में था हो गया। जहाज देवबन्दी ने सिर में गंजा पर तंज कसा एक गंजे ने कहा ये डॉक्टर से एक दिन, मेरे गंजेपन में मेरा हाल ऐसा हो लिया, हर सुबह ये है मुसीबत क्या बताऊं डॉक्टर ये पता चलता नहीं कि मुंह कहां तक धो लिया। मुजफ्फर नगर के खुर्शीद हैदर ने कहा गैर परों पर उड सकते हो हद से हद दीवारों तक, अम्बर पर तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे। कोटा राजस्थान के कुंवर जावेद ने वह लोग साहिबे कुरआन हो नहीं सकते, किसी भी धर्म की पहचान हो नहीं सकते, जो उग्रवाद को यारों जिहाद कहते हैं, वह और कुछ हैं मुसलमान हो नहीं सकते। सबा बलरामपुरी ने तेरे नाज उठाऊं कैसे मुझे तर्जुबा नहीं है, मेरा इश्क है पहला कोई दूसरा नहीं है। हिलाल बदायूंनी ने संचालन कर मुकद्दर में हमारे कब है बिस्तर, सफर में नींद पूरी कर रहे हैं से गजल फरमाते हुए देर रात तक दर्शकों को रोके रखा। नगर के शायर मधुकर शैदाई ने पढ़ा मुझको प्यारी सभी जुबान ऊर्दू मेरा जिस्म है, हिन्दी मेरी जान। सभासद धर्मेंद्र तिवारी टीटू, हरिओम वर्मा, सुशील कुमार, डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और श्रोता मौजूद रहे।

### पिता की लाडली आंखों में उनकी शान रखती है

अलीशा मेराज सीतापुर ने पिता की लाडली आंखों में उनकी शान रखती है, पिता को फख्र है उड़ना सिखाया वक्त पर उसको। अलीगढ़ की मुमताज नसीम ने कई साल बाद मिले हो तुम कहां सो गये थे जबाब दो, मेरे आंसूओं को न पोछो तुम मेरे आंसुओं का हिसाब दो। रुड़की के सज्जा झंझट ने जैसे मां के बाद मां जैसी मॉसी होती है, बड़ी मथुरा के बाद खीरी छोटी काशी होती है। मंजर भोपाली ने बेटियों के लिए हाथ उठाओ मंजर, सिर्फ़ अल्लाह से बेटा नहीं मांगा करते, बहुत खराब है माहौल इस जमाने का, निकलना घर से तो मां बाप की दुआ लेकर।



हिलाल बदायूंनी।



खुर्शीद हैदर।



जहाज देवबंदी।



सबा बलरामपुरी।



मुमताज नसीम।



अलीशा खान।



मंजर भोपाली।



सज्जाद झंझट।



कुंवर जावेद।



सलमान घोसवी।

# नारी शक्ति वंदन के समर्थन में निकाली स्कूटी रैली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत भाजपा की ओर से नगर में महिलाओं की स्कूटी व बाइक रैली निकाली गई। साथ ही हस्ताक्ष र अभियान भी चलाया गया।

रैली को जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता और अभियान की जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा ने विलोबी मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम चौराहा और संकटा देवी मार्ग से गुजरकर पुनः विलोबी मैदान में आकर समाप्त हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए संसद में प्रस्तुत महिला आरक्षण बिल एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे वे अपने अधिकारों का बेहतर उपयोग कर देश के विकास में योगदान दे सकेंगी।



बाइक रैली में शामिल होने से पहले पोस्टर के साथ महिलाएं। ● अमृत विचार

**● हस्ताक्षर अभियान भी चलाया अतिथियों ने रखे विचार**

अभियान के जिला संयोजक आशू मिश्रा ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री शरद मिश्रा ने भी अभियान की सराहना की। महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, जिला उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। रैली में संगीता पुरी, संतोष कुमारी, रश्मि गुप्ता, अनीता निगम, मंजूलता श्रीवास्तव, कुलभूषण सिंह, उमेश शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, जितेंद्र साहनी व पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव आदि शामिल रहीं।

### माताओं का सम्मान

**निघासन, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र रमियाबेहड़ में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत उन माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिनके बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक रही। खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद एवं ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा ओम प्रकाश ने माताओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में कुल 180 माताओं को सम्मानित किया गया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस दौरान शिक्षक, अभिभावक और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# दो कृतियों का विमोचन



गोला के चैती मेला मंच पर बाल पुस्तकों का विमोचन करते अतिथि और अधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** चैती मेला मंच पर नगर के साहित्यकार डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री की पुस्तक कविताएं बन गईं पहेली तथा नन्हे मुन्ने गीत हमारे बाल पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी, मधुसूदन गुप्त, प्रसिद्ध साहित्यकार विनीत चौहान, स्वयं श्रीवास्तव, नीलोत्पल मृणाल, सुफलता त्रिपाठी, हेमन्त पांडे, शिवकिशोर तिवारी खंजन ने लोकार्पण किया। बाल साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए देश भर से डॉ. वेद को अभी तक अनेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। अभी हाल में ही उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक ग्राम सभा पर ग्रामीण सचिवालय में खुलने वाले पुस्तकालयों हेतु उनकी सात पुस्तकों को सरकारी खरीद में लिया है। डॉ.अग्निहोत्री बाल साहित्य में अपने अभिनव प्रयोग के लिए जाने जाते हैं।

# श्रीकुल आश्रम में केक कटेगा निकलेगी भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, पलिया कलां।

**अमृत विचार :** नगर में भगवान परशुराम जयंती को लेकर प्रमुख धार्मिक स्थल श्रीकुल सेवा संस्थान में आगामी अक्षय तृतीया के अवसर पर जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं।

संस्थान परिसर में स्थित देवी मंदिर सहित पूरे आश्रम और आसपास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। नगर में पर्चे-पंपलेट बांटकर और होर्डिंग्स लगाकर कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल होने वाले बटुकों के लिए सूप, थाली, पूजन सामग्री, वस्त्र, मूंजी और मेखला आदि की व्यवस्था कर ली गई है। वहीं शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए भगवान परशुराम सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियों के लिए रथ, बग्घियां और बैंड-बाजों की बुकिंग भी कर दी गई है। मिठाइयों के निर्माण का कार्य भी शुरू हो चुका है। कुल उपासक गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ से होगी। दूसरे दिन पाठ के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण, रविवार शाम को भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन कर केक काटकर जयंती मनाई जाएगी। सोमवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार व एक कोसीय परिक्रमा के साथ गाजे-बाजे के बीच शोभायात्रा निकाली जाएगी। दिनभर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा

**● सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होगा**

# जागरूकता रैली निकाली, नामांकन बढ़ाने पर जोर



रैली को हरी झंडी दिखाते बीईओ बृजराज सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख। ● अमृत विचार

संवाददाता, फूलबहेड़

**अमृत विचार :** विकासखंड फूलबेहड़ में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। बीईओ बृजराज सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख विश्वनाथ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में शामिल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें, "हर बच्चा स्कूल जाए और शिक्षा है अधिकार, नहीं रहे कोई लाचार जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली नगर एवं आसपास के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी और आमजन से संवाद कर अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान जगह-जगह लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अभियान के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम के अंत में अपील की गई कि समाज के सभी वर्ग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचें। इस मौके पर एआरपी जितेंद्र कुमार गोस्वामी, संजीव रस्तोगी, अंशुल गुप्ता सहित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी, समस्त प्रधानाध्यापक एवं बीआरसी स्टाफ मौजूद रहे।

### रैली के साथ एस्ट्रोनॉमी लैब का उद्घाटन



**निघासन अमृत विचार :** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर ब्लॉक स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों व अभिभावक शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी और विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद लोधी ने विद्यालय में स्थापित एस्ट्रोनॉमी लैब का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि यह लैब बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रैली का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने किया। खंड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता के साथ ही शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक भी शामिल हुए। विद्यालय के निपुण छात्रों को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र एवं उपयोगी सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तारकेश्वर राय ने किया, जबकि अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी



### चिल्ड्रेन्स एकेडमी में टॉपरों का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में चिल्ड्रेंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्तम परीक्षा परिणाम के साथ शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होने पर प्रबंधन ने मेधावियों को सम्मानित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र अविरल पटेल ने 96 .6 ः अंक प्राप्त कर तहसील टॉप किया है। सूर्यांश सक्सेना, गौरव सिंह, तेजस बाजपेई, अफजाल अंसारी, मान्या गुप्ता, अविका अग्रवाल, हिमांशु वर्मा, अनुराग वर्मा और आयुष प्रताप सिंह ने टॉप टेन में स्थान बनाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधक सतीश गुप्ता, सविता गुप्ता एवं डायरेक्टर अनुभव गुप्ता ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रबंधक सतीश गुप्ता ने बताया कि चिल्ड्रेंस एकेडमी का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। डायरेक्टर अनुभव गुप्ता ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।



### दिव्यांग बच्चों का रिसोर्स सेंटर शुरू

**पसगवां अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय बरखेरिया जाट में समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर का आरंभ बुधवार को खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक व खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती ने फीता काटकर किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा माला श्रीवास्तव ने बताया कि रिसोर्स सेंटर में दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण, इसमें श्रवण बाधित बच्चों को सांकेतिक भाषा, वाणी बाधित बच्चों को वाणी प्रशिक्षण, आईडी बच्चों का प्रशिक्षण, फिजियोथैरेपी आदि सेवाएं प्रदान की जाएंगीं। इस अवसर पर विशेष शिक्षक सुनील कुमार, मनोज कुमार प्रथम , मनोज कुमार द्वितीय , सत्येंद्र बहादुर सिंह, हरेंद्र वर्मा, संजीदा परवीन, प्रेमलता, भूपेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश गुप्ता, दिव्यांग बच्चे सपना, लकी आदि और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### सत्संग में शाकाहार और सदाचार का दिया संदेश



**मैगलगंज , अमृत विचार :** फत्तेपुर क्षेत्र के ग्राम रावन खुर्द स्थित नेवला ताल पर जयगुरुदेव संगत का मासिक सत्संग आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दक्षिण खंड के अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव ने कहा कि बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अपने लंबे जीवनकाल में शाकाहार का व्यापक प्रचार-प्रसार किया और लोगों को संयमित व सादगीपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में इन शिक्षाओं को अपनाएं और समाज को बेहतर बनाने में योगदान दें। हर व्यक्ति को दूसरों के परिवार का भी सम्मान के साथ ख्याल रखना चाहिए। इस दौरान जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में 16 से 21 मई तक आयोजित होने वाली बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की चौदहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।



### नि:शुल्क पुस्तकों का वितरण

**पसगवां, अमृत विचार :** केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जंगबहादुरगंज में जूनियर कक्षा के बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। इस बार सत्र की शुरुआत में ही किताबें मिलने से बच्चे खुश दिखाई पड़े। अभिभावकों ने भी संतोष व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने कक्षा छह से आठ तक के छात्र छात्राओं को नि :शुल्क पुस्तकों का वितरण किया ।



### प्रार्थना सभा में लगा योग शिविर, विद्यार्थियों ने सीखे आसन व प्राणायाम

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक प्रिन्स के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन के साथ कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे प्राणायाम कराए गए। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन एकाग्र होता है और जीवन में संतुलन बना रहता है।

### सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे भवन्तु निरामया के आधार पर कार्य कर रही संस्था



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेला के समापन के दिन ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय सेवा संस्थान के लोगों ने समाज में उत्कृष्ट कार्य और सेवा के लिये लोगों को सम्मानित किया। चैती मेला में लगाये गये कैंप के समापन पर बीके सुनीता ने कहा कि उनके संस्थान ने धरती पर सभी लोगो तक ईश्वर के प्रति सम्मान, सेवा भाव की भावना को जगाया है। यह संस्था सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे भवन्तु निरामया के अधार पर पूरे देश मे कार्य कर रही है, जिससे समाज, देश आदि की नि :शुल्क सेवा करने के लिए प्रतिदिन लोग इस सेवा संस्थान से जुड़कर लाभ ले रहे हैं। बीके प्रीति, पूर्णिमा, जूली, कृष्णा, लालाराम, पवन, पवनेश, सुधांशु आदि ईश्वरीय कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# डर के साये में मोतीपुर...रात में बूट, दिन में सूनी गलियां

## बवाल के बाद पूरी रात गूंज रही पुलिस की धमक, दिन में लौटती हलचल के बीच अब भी सहमे ग्रामीण

संवाददाता, बांकेगंज


गांव में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



सूनी पड़ी गांव की मुख्य सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांव मोतीपुर में दो दिन पहले हुए भारी बवाल के बाद हालात भले ही धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रहे हों, लेकिन डर का साया अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। रात होते ही गांव में पुलिस के जवानों के बूटों की गूंज सुनाई देती है, जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी है। वहीं दिन के समय हल्की-फुल्की चहल-पहल जरूर नजर आती है, लेकिन गलियों में अब भी सन्नाटा साफ महसूस किया जा सकता है।

घटना के बाद से गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। पूरी रात जवान गश्त करते रहते हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस की आवाजाही बनी हुई है, जिससे लोग खुद को सुरक्षित तो महसूस कर रहे हैं, लेकिन उनमें पुलिस का खौफ भी साफ नजर आ रहा है। जैसे ही अंधेरा घिरता है, गांव की गलियों में पुलिस के जवानों के बूटों की आवाज गूंजने लगती है। लगातार गश्त, संदिग्धों की तलाश और सख्ती के चलते ग्रामीण घरों में सिमट जाते हैं। कई परिवार तो रात में लाइट तक बंद कर चुपचाप अंदर रहने को मजबूर हैं। दिन निकलने के साथ ही गांव में हल्की चहल-पहल जरूर दिखती है। कुछ लोग खेतों की ओर जाते नजर आते हैं, दुकानें आंशिक रूप से खुलती हैं और बच्चे भी बाहर झांकते दिखाई देते हैं, लेकिन हर चेहरे पर डर साफ झलकता है। लोग खुलकर बातचीत करने से भी कतराते हैं। घटना के बाद से गांव के कई घरों पर गुरुवार को भी ताले लटके हुए हैं। जिन परिवारों को खतरा महसूस हुआ, वे रिश्तेदारों के यहां या सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। सूनी पड़ी गलियां और बंद दरवाजे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग अब भी


गोला में तहसीलदार को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

डरे हुए हैं और रात होते ही घरों से बाहर निकलना बंद कर देते हैं। पुलिस प्रशासन ने गांव को लगभग छावनी में तब्दील कर रखा है। हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है। गांव के प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लगातार खेत-खलिहानों, बाग-बगीचों और खाली पड़े मकानों में छापेमारी कर रही हैं। आशंका है कि कुछ उपद्रवी अभी भी आसपास छिपे हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कई संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी गई है। पुलिस मोबाइल सर्विलांस और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद भी ले रही है। प्रशासन का दावा है कि किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि बवाल के बाद से उनका सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। खेती-बाड़ी का काम भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि लोग खेतों में जाने से पहले कई बार सोचते हैं। बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा है, क्योंकि अभिभावक उन्हें अकेले बाहर भेजने से डर रहे हैं। फिलहाल गांव में शांति तो है, लेकिन यह शांति डर के साये में है।

## माहौल पर नजर

### लापरवाही पर गिरेगी गाज अफसरों पर कार्रवाई के संकेत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बवाल ने प्रशासनिक और पुलिस महकमे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें सामने आई खामियों ने अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि हालात बिगड़ने के संकेत पहले से मौजूद थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। संवेदनशील माहौल के बावजूद न तो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई और न ही एहतियाती कदम उठाए गए। नतीजतन, मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और स्थिति बेकाबू हो गई। खुफिया तंत्र की विफलता भी इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा कारण मानी जा रही है। समय रहते सही जानकारी और अलर्ट न मिल पाने से प्रशासन हालात का सही आकलन नहीं कर सका। वहीं, मौके पर मौजूद पुलिस बल की संख्या और तैयारी भी सवालों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि शासन स्तर पर इस पूरे प्रकरण को गंभीर लापरवाही की श्रेणी में रखते हुए जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय थाने से जुड़े अधिकारियों के साथ-साथ सर्किल और जिला स्तर के अधिकारियों की भूमिका की भी बारीकी से जांच की जा रही है। यही वजह है कि अब कार्रवाई का दायरा सिर्फ निचले स्तर तक सीमित न रहकर उच्च अधिकारियों तक भी पहुंच सकता है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो कुछ अधिकारियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिरी या विभागीय जांच जैसी कार्रवाई हो सकती है। घटना के बाद से पूरे जिले में पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं, मोतीपुर गांव में भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिरकार समय रहते सतर्कता क्यों नहीं बरती गई। अब सबकी नजर शासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।


गांव के एक घर में लगे ताले।

### मोतीपुर जाने से रोके गए किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पुलिस से नोकझोंक



**बांकेगंज, अमृत विचार :** मोतीपुर गांव में हुए बवाल के बाद हालात का जायजा लेने जा रहे किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्य को पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। उनके साथ उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह समेत कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। यह घटना बांकेगंज-गोला मार्ग पर संसारपुर तिराहे के पास लगे ज़िग-जैग बैरियर पर हुई। मौके पर मौजूद धौरहरा क्षेत्राधिकारी एसबी सिंह, मैलानी थाना प्रभारी बृजेश मौर्य और अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें गांव जाने से रोका नहीं जा सकता। आरोप लगाया कि ग्रामीणों के साथ अन्याय हुआ है और प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया, जो गंभीर मामला है। कहा कि वे गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनना चाहते हैं। वहीं बैरियर पर ही पुलिस ने उन्हें बैठाकर समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने पुलिस और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि समय रहते विवाद की जानकारी न होना पुलिस और एलआईयू की बड़ी नाकामी है।

### बवाल में 13 और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 32 गिरफ्तारी



**बांकेगंज, अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती के दौरान बांकेगंज में हुए बवाल के मामले में थाना मैलानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी 19 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जिसके बाद कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय और सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में लगी टीमों ने छापेमारी कर एक नामजद समेत कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में थाना मैलानी के गांव गिरधरपुर निवासी नामजद आरोपी खूबचन्द, प्रकाश में आए अवनीश, आकाश, कोठीपुर निवासी इन्द्रेश सिंह, विजय कुमार, मुकेश उर्फ रुपेश, अनिकेत, पप्पू उर्फ रुपनरायण, रमतलिया निवासी दीपक, बंजरिया निवासी राजेश, अमीननगर (बांकेगंज) निवासी रामभरोसे, रमतलिया निवासी इन्द्रपाल और एवीपुर निवासी पंकज कुमार शामिल हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

### निर्दोषों पर कार्रवाई और उत्पीड़न का विरोध शुरू

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मिशन सामाजिक परिवर्तन एक नई दिशा के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम मोतीपुर बांकेगंज में 14 अप्रैल को आंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न विवाद पर हो रहे निर्दोषों का उत्पीड़न रोकने के लिए मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। तहसीलदार भीमचंद को सौंपे ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र के गांव मैकूपुर निवासी चंदा देवी और चौकी इंचार्ज बांकेगंज द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा हटाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जो बाद में गंभीर रूप ले गया। अब पुलिस प्रशासन बिना समुचित जांच के निर्दोष के विरुद्ध कार्यवाही कर रही है। दूर दराज के गांवों के छात्रों पर भी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं तथा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और प्रताड़ना की शिकायतें सामने आ रही हैं। प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की प्रताड़ना पर तत्काल रोक लगाई जाए। ज्ञापन देते समय संगठन के अध्यक्ष रमाकान्त चौधरी एडवोकेट, सचिव विवेक कुमार गौतम एडवोकेट, सरजीत कुमार एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, विक्रम सिंह एडवोकेट, अनुज कुमार एडवोकेट, सूरज प्रसाद एडवोकेट, राजेश कुमार गौतम, सचिन चौधरी, सुभाषचंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मोतीपुर बवालः क्या ग्रामीण बन गए राजनीति के शिकार?

● **महिलाओं का दावा, बाहर के लोगों से भड़का विवाद, कार्रवाई के बाद गांव में दहशत**

संवाददाता, बांकेगंज


बांकेगंज कुकरा मार्ग पर अवरोधक के रूप में रखे ड्रम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अंबेडकर जयंती के दौरान हुए मोतीपुर बवाल के बाद अब गांव में एक नई चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या ग्रामीण राजनीति का शिकार हो गए? गांव के अधिकांश लोग कम पढ़े-लिखे होने के कारण घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

गांव की कई महिलाओं ने बताया कि ग्रामीण किसी भी प्रकार का विवाद नहीं चाहते थे। उनके अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे भंडारा शुरू हुआ, जो काफी देर तक शांतिपूर्वक चलता रहा। इसके बाद मूर्ति स्थापना की गई। महिलाओं का कहना है कि मूर्ति स्थापित होने के लगभग आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हटाने लगी, जिसका उन्होंने विरोध किया। उस समय गांव के पुरुष दूर खड़े थे और किसी ने मारपीट नहीं की। हालात तब बिगड़े जब बाहरी लोग गांव में पहुंचने लगे। आरोप है कि उन्हीं के आने के बाद पुलिस और लोगों के बीच टकराव बढ़ा और पथराव शुरू हो गया। उनका कहना है कि यदि गांव वाले बवाल करना चाहते तो पहले ही कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। पूरे गांव को ही दोषी मान लिया गया। बवाल वाली रात पुलिस ने घर-घर जाकर लोगों की तलाश की और कई लोगों को उठा ले गई। बांकेगंज चौकी क्षेत्र के आसपास के अन्य गांवों में भी भय का माहौल बना हुआ है। गिरफ्तारी के डर से लोग अपने घरों से दूर रह रहे हैं। कोई खेतों में रात गुजार रहा है तो कोई गांव से बाहर शरण लेने को मजबूर है।

**वीडियो-फोटो से पहचान में जुटी पुलिस :** मैलानी पुलिस बवाल के बाद वायरल वीडियो और फोटो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान करने में जुटी है। गुरुवार को भी पुलिसकर्मी कई स्थानों पर लोगों को वीडियो और फोटो दिखाकर आरोपियों की पहचान कराने का प्रयास करते नजर आए। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ताकि निर्दोष लोगों को बचाया जा सके।

### संसारपुर तिराहे से गांव तक रास्ते सील

मोतीपुर गांव में हुए बवाल के बाद राजनीतिक नेताओं के संभावित दौरे को देखते हुए पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को बांकेगंज-गोला मार्ग पर संसारपुर तिराहे के पास पुलिस ने ज़िग-जैग बैरियर लगाकर सख्त निगरानी शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर, मोतीपुर गांव से करीब 300 मीटर पहले ड्रम लगाकर रास्ते को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने इसे सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया बताया लेकिन ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि मंगलवार और बुधवार को बैरियर नहीं लगाए गए थे।

### बवाल के बाद सूना पड़ा बांकेगंज बाजार

उपद्रव के बाद बांकेगंज बाजार की रौनक अब तक पूरी तरह नहीं लौट पाई है। घटना के दो दिन बाद भी बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है और आधे से अधिक दुकानें बंद नजर आ रही हैं। यहां तक कि चाय-पानी और खाने-पीने की दुकानें भी नहीं खुल रही हैं। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बेहद कम हो गई है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से हिचक रहे हैं। विनायक चिल्ड्रंस एकेडमी के प्रधानाध्यापक विकास श्रीवास्तव के अनुसार उनके स्कूल में महज 10 से 15 प्रतिशत बच्चे ही पढ़ाई के लिए आ रहे हैं। वहीं, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी खाने-पीने की दुकानों के बंद होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि गुरुद्वारे में लंगर से पुलिसकर्मियों और राहगीरों को राहत मिल रही है।

# मोतीपुर प्रधान के अधिकार सीज, 15 दिन में रिपोर्ट तलब

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** बांकेगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 में खाद गड्ढों की भूमि को लेकर हुए विवाद और उसके बाद भड़की हिंसा पर जिला प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। प्रारंभिक जांच में ग्राम प्रधान की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं।

जांच के दौरान यह सामने आया कि ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि प्रबंधन और विवाद को समय रहते नियंत्रित करने में लापरवाही बरती गई। सूत्रों के मुताबिक ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था, लेकिन तय समय सीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं एसडीएम गोला की रिपोर्ट में भी प्रधान की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। इसी आधार पर डीएम ने प्रधान के सभी प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी। ग्राम पंचायत के कार्यों में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए डीएम ने खंड विकास अधिकारी बांकेगंज को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द तीन सदस्यीय समिति गठित कर संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जांच के लिए एडीएम न्यायिक को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें 15 दिन के भीतर सभी साक्ष्यों के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तहसीलदार सदर को भूमि संबंधी तथ्यों की जांच में सहयोग करने को कहा गया है।

### खाद के गड्ढे की जमीन पर खड़ा हुआ विवाद

मोतीपुर गांव में जिस भूमि को लेकर बवाल हुआ। उसे लेकर अब राजस्व विभाग के अभिलेखों ने बड़ा खुलासा किया है। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, यह जमीन गाटा संख्या 1167 के रूप में दर्ज है, जो कि खाद के गड्ढे की श्रेणी में आती है। कानूनगो प्रेम सिंह ने बताया कि उक्त विवादित भूमि लगभग 61 एयर क्षेत्रफल की है और राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद इस भूमि को लेकर बैनामा किए जाने से मामला उलझ गया है। बताते हैं कि सुनीता नामक महिला ने संतोष से जो बैनामा कराया है, उसमें गाटा संख्या 1166 दर्ज की गई है, जबकि जमीन की चौहद्दी किसी अन्य स्थान की दर्शाई गई है। इस गड़बड़ी ने पूरे विवाद को और जटिल बना दिया है। कानूनगो ने यह भी बताया कि विवादित भूमि के विक्रेता संतोष को कई बार मौके पर बुलाया गया, लेकिन वह अब तक उपस्थित नहीं हुआ है। ऐसे में राजस्व विभाग मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# बिना किसी दबाव के जांच करे प्रशासन

संवाददाता, बांकेगंज


पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा की अगुवाई में एसडीएम को ज्ञापन देता प्रतिनिधिमंडल।

**अमृत विचारः** तोड़फोड़, मारपीट और आगजनी की घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम लखीमपुर खीरी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोला को दिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जमीन से जुड़े विवाद लगातार बढ़ रहे हैं और प्रशासन की लापरवाही के कारण ये विवाद हिंसक रूप ले रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जमीन विवादों का जल्द निस्तारण किया जाए और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई न की जाए। जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने घटना को जिले के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि इसमें सत्ता पक्ष के कुछ लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व विधायक सतीश अजमानी ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपील करते हुए कहा कि बिना किसी दबाव के जांच होनी चाहिए, ताकि जनता का कानून-व्यवस्था पर भरोसा बना रहे। इस मौके पर बृज मौर्य, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, पूर्वी वर्मा, रामकुमार वर्मा, प्रेम वर्मा, विपुल गुप्ता, बलराम गुप्ता, केके मिश्रा, दिनेश, राजन यादव, मनीष वर्मा, अफजल शाह, रघुनंदन राज पासी, रामचंद्र प्रधान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेज से गिरकर टूटी आंबेडकर मूर्ति, दो पक्ष आमने-सामने

संवाददाता, निघासन

● **प्रशासन की सतर्कता से टला विवाद, रातभर डटे रहे अफसर**

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के सरपतहा गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति गिरकर टूटने के बाद दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया। पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से मामला बिगड़ने से बच गया। दोनों पक्षों में सुलह हो गई।

गांव निवासी गुरचरनदास ने बुधवार को आबादी की जमीन पर एक मेज रखकर उस पर करीब डेढ़ फीट ऊंची डॉ. आंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी थी। किसी कारणवश मूर्ति गिरकर टूट गई। इसके बाद गुरचरनदास ने दूसरे पक्ष के पुनईदास पर मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव निगम, क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, कोतवाल अवधराज सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। शासन पूरी रात गांव में डटा रहा और हालात पर नजर रखी। जांच में सामने आया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार से हैं और उनके बीच काफी समय से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में पहले भी शांतिभंग की आशंका में दोनों पक्षों का चालान किया जा चुका है। प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच जमीन का बंटवारा कराया गया।

सीओ शिवम कुमार ने बताया कि सार्वजनिक भूमि पर बिना अनुमति रखी गई मूर्तियों को दोनों पक्षों की सहमति से हटवा दिया गया है और स्थान को खाली करा दिया गया है। फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

प्रशासन ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या बिना अनुमति निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# घर में घुसकर परिवार पर हमला

**निघासन, अमृत विचारः** क्षेत्र के पचपेड़ी मजरा मूडाबुजुर्ग गांव में मामूली साइकिल टक्कर का विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया।

गांव पचपेड़ी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार की रात करीब 8 बजे वह अपने खेत से गांव के रामलखन के साथ पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से साइकिल सवार तीन किशोर आए, जिनमें से एक की साइकिल का हैंडल संदीप से टकरा गया। विरोध करने पर कहासुनी हुई और तीनों युवक वहां से चले गए। पीड़ित के अनुसार कुछ देर बाद आरोपियों के परिजन रहीमुद्दीन, समालुद्दीन और सोएब समेत अन्य लोग उसके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर संदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाव के लिए आई उसकी मां श्यामा देवी, पत्नी विनीता देवी और बाबा छोटेलाल को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उन्हें भी पीट दिया। इससे चारों घायल हो गए। हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल कराया है।

## न्यूज डायरी

### बाइक की टक्कर से सहकारी समिति के सचिव घायल, पैर टूटा

**निघासन, अमृत विचार :** झिन्नापुरवा निवासी सचिव सरोज मिश्रा स्कूल से बच्चों को लेने के लिए ढखेरवा-गिरिजापुरी हाईवे पर स्थित औघड़ बाबा स्थान के पास पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने बच्चों को बाइक पर बैठाया, तभी तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सरोज मिश्रा का पैर टूट गया और दोनों बच्चे भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत उठाकर इलाज के लिए भेजा। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार की पहचान बाराबंकी निवासी के रूप में हुई है, जो बहराइच में शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भैंस चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

**निघासन, अमृत विचार :** पढ़ुआ प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले गौरिया गांव से एक भैंस चोरी होने की सूचना मिली थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से आरोपियों अमित कुमार, सुशील कुमार, छोटकन्ने, नासिर और हसीब को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने भैंस चोरी की घटना कबूल कर ली। पुलिस ने बरामद भैंस को उसके मालिक को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एसआई जुबेर अहमद सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

### शव मिलने से सनसनी, शिनाख्त न होने पर मोर्चरी में रखवाया शव

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के खानकाह रोड स्थित शारदा ब्रेकरी के पास गुरुवार दोपहर एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में इधर-उधर घूमता नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार और एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है। जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, गोली मारकर हत्या की आशंका

**मितौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के निमचेनी गांव में गुरुवार देर शाम एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव खून से लथपथ सड़क किनारे मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने सिर में गोली मारकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सीतापुर जिले के निमचेना गांव निवासी गणेश त्रिपाठी (40) गुरुवार शाम करीब चार बजे सरसों पेराई कराने बाइक से पास के गांव शहीदपुर गया था। लौटते समय कानाखेड़ा-निमचेनी मार्ग पर वह संदिग्ध हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। भाई संजय ने बताया कि राहगीरों से बाइक दुर्घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर गणेश की बाइक पास में खड़ी मिली और मोबाइल भी वहीं पड़ा था। उसके सिर में गंभीर घाव के निशान थे, जिससे खून बह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को सीएचसी मितौली लाई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंचे सीओ यादवेंद्र ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और पुलिस परिजनों के आरोपों समेत कई पहलुओं पर जांच कर रही है। एसएचओ महेश पाठक ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जॉच पड़ताल की जा रही है।मृतक छः भाइयों में सबसे छोटा उसकी शादी हो चुकी उसका एक लड़का नैमिष त्रिपाठी है।

आवश्यकता है
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
● वार्ड बॉय/वार्ड आया
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आफाक आयु 30 वर्ष व पुत्रवधु सोनम आयु 28 वर्ष को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र व पुत्रवधु से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उनका कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा। **नूर मुहम्मद पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पठान टोला थाना सहसवान जिला बदायूं।**

NOTICE
I Balraj Singh, son of Jarnail Singh, resident of Kishanpur Padri, Banda, Shahjahanpur, Uttar Pradesh 242042 have change my name to Balraj Singh Thind. In the future, I should be known by this name.

सूचना
सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र सोनू अल्वी व पुत्रवधू भूरी के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **यासमीन पत्नी साबिर अली व साबिर अली पुत्र स्व. विलायत शाह निवासी जोगी नवादा निकट शाह नूरी मस्जिद थाना बारादरी जिला बरेली।**

सूचना
मैं अपने पुत्र आकाश व उसकी दोस्त मंजू के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार व बिना मेरी व मेरे परिवार के सहमति के शादी कर रहे हैं, इस लिए मैं इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। **सुभाष चन्द्र पुत्र स्व. उदल सिंह पता-हवाई अड्डा गेट, गायत्री नगर, इज्जतनगर बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

